■ माघ शुक्ल - 2 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 196 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 11-02-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 भाजपा शासनकाल में 'सुरक्षित' राज्य बना उत्तर प्रदेश : योगी
6 मेजर मलकीत सिंह बराड़ः देश की रक्षा, साथी जवानों की सुरक्षा करते हुए कायम की मिसाल
7 22 जनवरी को सहस्रों शताब्दियों तक याद रखा जाएगा : नड्डा




## फर्स्ट टेक

### गाजा के रफाह में इजरायली हमलों में 28 फलस्तीनी मारे गए

**रफाह (गाजा पट्टी)/एपी।** इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमलों में शुक्रवार देर रात गाजा पट्टी के रफाह क्षेत्र में कम से कम 28 फलस्तीनी मारे गए। ये हमले इजराइल के प्रधानमंत्री के उस बयान के कुछ घंटों बाद किए गए, जिसमें उन्होंने जमीनी हमले से पहले दक्षिणी गाजा शहर से हजारों लोगों को निकालने के लिए सेना से योजना तैयार करने को कहा था। बेंजामिन नेतन्याहू ने इस योजना को लेकर न तो विवरण दिया और न ही समय की जानकारी दी, लेकिन इस घोषणा से दहशत फैल गई। इजराइल द्वारा क्षेत्र को खाली करने के लिए बार-बार जारी किए जा रहे आदेश के बाद गाजा के 23 लाख लोगों में से आधे से अधिक रफाह की ओर चले गए हैं।

### 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर तय

**नई दिल्ली/भाषा।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने आम चुनाव से पहले 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय कर दी। यह पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ ने मार्च, 2023 में 2022-23 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को मामूली रूप से बढ़ाकर 8.15 प्रतिशत कर दिया था जो 2021-22 में 8.10 प्रतिशत थी।

### ईडी ने सलमान खुर्शीद की पत्नी को समन भेजा

**लखनऊ/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को समन भेजा है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह मामला लुईस खुर्शीद के नेतृत्व वाले एक ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंगों और उपकरणों के वितरण में सरकारी निधि के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए 15 फरवरी को लखनऊ में ईडी के कार्यालय में पेश होने को कहा गया है।

| सूर्यास्त | सूर्योदय |
|---|---|
| 11-02-2024 6:13 बजे | 12-02-2024 6:32 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 71,595.49 (+167.06) | 21,782.50 (+64.55) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,494 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | 76,000 रु. प्रति किलो |

## भारत को 25 साल में विकसित बनाने का जज्बा पैदा हुआ है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 17वीं लोकसभा के पांच वर्ष 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' वाले रहे और आज देश का यह संकल्प बन चुका है कि आने वाले 25 साल में वह विकसित भारत बनाने के इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देशवासियों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा हुआ है।

बजट सत्र और मौजूदा लोकसभा की आखिरी बैठक के अंतिम दिन सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीतिक गहमा-गहमी अपनी जगह है, राजनीतिक आकांक्षा और अपेक्षा अपनी जगह हैं। लेकिन देश का संकल्प बन चुका है कि अगले 25 साल में वह इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। उन्होंने 17वीं लोकसभा के आखिरी सत्र में 97 प्रतिशत कार्य उत्पादकता रहने का उल्लेख करते हुए कहा कि अगली लोकसभा में कामकाज की 100 प्रतिशत उत्पादकता का संकल्प लेना चाहिए।

मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के थे। उन्होंने कहा कि अपनी आंखों के सामने ही 'ट्रांसफॉर्म' होते देखना दुर्लभ होता है।

प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, दंड संहिता की जगह नई न्याय संहिता लाने समेत कई विधेयकों के पारित होने का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया जिससे संविधान का पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ...संविधान निर्माताओं की आत्मा हमें जरूर आशीर्वाद दे रही होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, इस कार्यकाल में परिवर्तनकारी सुधार हुए, इनमें 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव नजर आती है।

## लोकसभा चुनाव से पहले सीएए संबंधी नियम जारी किए जाएंगे : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करने के नियम आगामी लोकसभा चुनाव से पहले जारी किए जाएंगे और लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। सीएए के तहत केंद्र की मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों - हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई - को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे।

शाह ने 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट 2024' में कहा, सीएए देश का कानून है और इसकी अधिसूचना जरूर जारी होगी। इसे चुनाव से पहले जारी किया जाएगा। इसे लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना कांग्रेस नेतृत्व का भी वादा था। शाह ने कहा, जब विभाजन हुआ तो हिंदू, बौद्ध, ईसाई - सभी वहां धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने के बाद भारत आना चाहते थे। उन्होंने (कांग्रेस नेताओं ने) इन लोगों को नागरिकता देने का वादा किया था और कहा था कि आप सभी का स्वागत है। लेकिन (कांग्रेस) नेता अपने बयान से पीछे हट गए।

गृह मंत्री ने कहा कि वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। उन्होंने कहा, हमारे मुस्लिम भाइयों को सीएए के मुद्दे पर भड़काया जा रहा है। उन्होंने कहा, सीएए के जरिये किसी की नागरिकता नहीं छीनी जा सकती है, क्योंकि इस कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, जो बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न का सामना करके आए हैं। इस कानून का किसी को विरोध नहीं करना चाहिए।

दिसंबर, 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित किए जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। चार साल से अधिक की देरी के बाद, सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाए जाने जरूरी हैं।

अधिकारियों ने कहा कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

## आधुनिकीकरण की दौड़ ने प्रकृति को काफी नुकसान पहुंचाया : राष्ट्रपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि जनजातीय समुदाय की जीवनशैली जलवायु परिवर्तन की वैश्विक समस्या का समाधान प्रदान करती है और उनके पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने का आह्वान किया।

मुर्मू ने जनजातीय समुदायों से प्रकृति के साथ सामंजस्य के साथ रहना सीखने की आवश्यकता पर जोर दिया, विशेष तौर पर ऐसे समय में जब ''आधुनिकीकरण की दौड़ ने पृथ्वी और उसके प्राकृतिक संसाधनों को काफी नुकसान पहुंचाया है।

राष्ट्रपति ने यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में ''आदि महोत्सव'' का उद्घाटन करने के बाद कहा, जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए जनजातीय समुदाय की जीवनशैली को अपनाना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। इस महोत्सव का उद्देश्य भारत की जनजातीय विरासत की समृद्ध विविधता को प्रदर्शित करना है और यह 18 फरवरी तक चलेगा। मुर्मू ने कहा कि जनजातीय समुदाय नई तकनीक से लाभान्वित हो सकते हैं और तकनीक का इस्तेमाल सतत विकास के लिए किया जाना चाहिए।

## अर्थव्यवस्था को कांटों से भरी झाड़ी में फंसी साड़ी की तरह सही सलामत निकाला : वित्त मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार ने पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को कांटों में फंसी साड़ी की तरह सही-सलामत निकालकर भविष्योन्मुखी सुधारों की राह पर चलाने का प्रयास किया है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि निरंतर प्रयासों और प्रभावी नीतिगत योजनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला दिया है तथा इसके परिणामस्वरूप यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है। उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं।

संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले शासन के दौरान 18 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं रुकी हुई थीं। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 17 लाख करोड़ रुपए से अधिक की 348 लंबित परियोजनाओं को मंजूरी दी।

वित्त मंत्री ने लोगों तक लाभ नहीं पहुंचाने के लिए संप्रग सरकार की आलोचना की और यह आरोप भी लगाया कि उसने शासनकाल के दौरान सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया था।

महंगाई के मोर्चे पर वित्त मंत्री ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान मुद्रास्फीति की दर 4 प्रतिशत से नीचे थी जबकि संप्रग शासन के दौरान मुद्रास्फीति की औसत दर 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि इस सरकार को जो अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी, उसके बारे में विपक्ष द्वारा बड़े-बड़े दावे किए गए। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग भी कहते हैं कि अटल बिहार वाजपेयी सरकार से जो विरासत संप्रग सरकार को मिली, उसी कारण उसके पहले पांच वर्ष में अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी रही।

सीतारमण ने कहा कि संप्रग सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए गलत राजकोषीय नीतियां बनाई तथा सब्सिडी और फिजूलखर्ची की गई। उन्होंने बुनियादी ढांचे की जरूरतों को दरकिनार कर पूर्वोत्तर राज्यों की आकांक्षाओं की अनदेखी करने के लिए भी पूर्ववर्ती सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पहले ही इस बात को स्पष्ट किया जा चुका है कि यदि यह श्वेत पत्र पहले लाया जाता तो लोगों एवं निवेशकों का अपने देश, अर्थव्यवस्था और संस्थानों पर विश्वास डोलने लगता।



### पाकिस्तान आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए

## इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इस्लामाबाद/भाषा।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने शनिवार को निर्वाचन आयोग से आधी रात तक आम चुनाव के पूरे नतीजे घोषित करने को कहा, अन्यथा उसे उन क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ेगा, जहां परिणाम अभी आने हैं। पार्टी के इस बयान के कुछ ही घंटों के भीतर, पेशावर और कराची में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ पार्टी के झंडे लहराते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

खान की पार्टी ने दावा किया है कि वह केंद्र के साथ-साथ पंजाब और खैबर-पख्तूनख्वा प्रांतों में सरकार बनाएगी। सबको हैरान करते हुए, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने बृहस्पतिवार के चुनाव में नेशनल असेंबली में 101 सीट पर जीत दर्ज की।

मतदान के दो दिन बाद भी सभी सीटों के नतीजे घोषित नहीं हुए हैं और ऐसा लग रहा कि देश त्रिशंकु संसद या गठबंधन सरकार की ओर बढ़ रहा है।

पीटीआई प्रमुख गौहर अली खान ने संवाददाता सम्मेलन में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) से आधी रात तक सभी सीटों के परिणाम घोषित करने या उन क्षेत्रों में अपने समर्थकों के विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा, जहां परिणाम अभी भी प्रतीक्षित हैं।

### जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ एनआईए ने कश्मीर में छापे मारे

**जम्मू/श्रीनगर/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के खिलाफ आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में कार्रवाई के तहत शनिवार को जम्मू-कश्मीर के 15 स्थानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि श्रीनगर और जम्मू के साथ-साथ बडगाम और दक्षिण कश्मीर के कुलगाम और अनंतनाग में छापेमारी के दौरान जेईआई और उससे संबंधित ट्रस्ट की गतिविधियों से जुड़े आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और 20 लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई। हालांकि, आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि जम्मू में गुज्जर नगर और शहीदी चौक पर एक निजी स्कूल पर और उसके चेयरमैन समेत अन्य पदाधिकारियों को लक्षित करते हुए की गई छापेमारी के दौरान पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि कुलगाम जिले में जमात के पूर्व प्रमुख शेख गुलाम हसन और एक अन्य नेता सयार अहमद रेशी के आवास पर भी छापेमारी की गई।

## प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के बाद लक्षद्वीप में पर्यटकों की संख्या बढ़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बंगाराम/कवरत्ती (लक्षद्वीप)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया लक्षद्वीप यात्रा और बंगाराम में उनके प्रवास के कारण फिरोजी पानी, बहुरंगी मूंगा चट्टानों और विभिन्न प्रकार के समुद्री जीवों वाले इस द्वीप में पर्यटकों का आना बढ़ गया है।

सिर्फ बंगाराम ही नहीं, पास का थिन्नकारा द्वीप भी प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद चर्चा में रहा और सोशल मीडिया मंचों पर मालदीव के कुछ नेताओं द्वारा मोदी तथा भारत के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के कारण दोनों देशों के बीच पैदा हुए राजनयिक विवाद के बाद लक्षद्वीप को फायदा हो रहा है।

इस घटना के परिणामस्वरूप कई लोगों ने पर्यटन स्थल के रूप में मालदीव का बहिष्कार करने और लक्षद्वीप को इसके उपयुक्त विकल्प के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

अगाती में स्वीडन से आईं जोआना अंबिका ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यह जगह दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। मैं यहां 8 साल पहले आई थी और मैं अपने दोस्तों को यह जगह दिखाना चाहती थी। इसलिए मैं दोबारा आई हूं।

बंगारम में हनीमून मनाने आए स्वप्निल और ज्योति ने भी इसी तरह की बात कही। स्वप्निल ने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि भारतीय, मालदीव या बाली की यात्रा करना क्यों करना पसंद करते हैं जबकि उनके पास भारत जैसी सबसे खूबसूरत जगह है। उन्होंने कहा कि लोगों को लक्षद्वीप की अधिक यात्रा करनी चाहिए क्योंकि यहां बेहतर सुविधाएं हैं, लोगों का आतिथ्य अच्छा है और अच्छा खाना मिलता है।

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com




कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### ना पाक सरकार

मची पाक में अफरातफरी,
सिस्टम सब बेकार बने।
बहुमत जिनके पास नहीं पर,
कैसे वे मुख्तियार बने।
सेना की बिन मर्जी के सब,
नाकारा हथियार बने।
लोकतंत्र रो रहा वहां अब,
कैसे जन सरकार बने।।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरु जी मैं पचहत्तर वर्ष की हो गई हूँ। सारा जीवन आध्यात्मिक गुरुओं को ही सुनती आई हूँ और अभी भी सुनती और पढ़ती ही रहती हूँ, सबकी कोई न कोई बात अच्छी लगती है। पर सब की कोई न कोई बात सीमित ही लगती है। इसलिए मुझे अभी भी गुरु की तलाश है। क्या शुद्ध सोने की तलाश में मैं यूँ ही भटकती रहकर चली जाऊँगी ?

**उत्तर:** यदि हम वैसे वाले सच्चे साधक, खोजी, अभ्यासी और अनुशासन शील योगी हैं जो केवल और केवल परम सत्य को समर्पित हैं तो कुछ भी 'लगने' के क्षण के साथ ही हमारी चेतना में उसका परीक्षण आरंभ हो जाता है। वह परीक्षण अक्सर तो अपना ही होता है पर दूसरे का भी हो सकता है क्योंकि शुद्ध चेतना में द्वैत नहीं होता है। इसलिए परीक्षण कब किसका हो रहा है वह शुद्धि, स्वच्छता, शुचिता, स्पष्टता आदि पर निर्भर होता है। अभ्यास, साधना या खोज की यही अवधि 'लगने' की अवस्था से 'जानने' की अवस्था में परिवर्तित होने की होती है और परम सत्य के खोजी के लिए उसे 'जान जाने' पर 'मान जाना' स्वाभाविक परिणति के स्वरूप में घटित होता है। इस तरह इस खोज में 'लगने', 'जानने' और 'मानने' में एक क्रम है। जिसे हम गुरु कहते हैं उसको भी शुद्ध सोने की ही प्रतीक्षा होती है। कभी कभी इसमें दोनों को कई जीवन काल लग जाते हैं। कभी कभी एक ही जीवन की कुछ अवधि में ही बुद्धि पूर्ण शुद्ध होने पर यह घटना घट जाती है। इसमें सिवाय सनातन सिद्धांत के और कुछ भी निश्चित नहीं है। तत्वतः सब कुछ उसी चुनाव से निश्चित होता है।

# कांग्रेस सरकार ने ही मोदी की जाति को ओबीसी श्रेणी में शामिल किया था : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कांग्रेस सरकार ने ही मोदी की जाति को ओबीसी श्रेणी में शामिल किया था : अमित शाह



नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जाति पर बहस हो रही है और आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सार्वजनिक रूप से बार-बार झूठ बोलने की आदत रही है।

शाह ने यह भी कहा कि गुजरात में कांग्रेस सरकार ने ही 1994 में मोदी की जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में शामिल किया था और केंद्र ने साल 2000 में अपनी ओबीसी सूची में मोदी की जाति को शामिल किया था। उन्होंने यहां 'ईटी नाऊ ग्लोबल बिजनेस समिट 2024' में कहा, मोदी की जाति को 25 जुलाई 1994 को गुजरात में ओबीसी श्रेणी में दर्ज किया गया। उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री छबीलदास मेहता थे और सत्ता में कांग्रेस पार्टी थी। तब तक मोदी ने एक भी चुनाव नहीं लड़ा था। वह केवल संगठन के लिए काम करते थे। उनकी जाति का सवाल ही नहीं आया था। उन्होंने कहा, इसके बाद, गुजरात सरकार ने उनकी जाति को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने की सिफारिश की थी। इसे आखिरकार साल 2000 में केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल किया गया। उस वक्त भी मोदी सत्ता में किसी पद पर नहीं थे – न ही सांसद थे, न विधायक और न ही सरपंच थे। वह 2001 में मुख्यमंत्री बने। इन लोगों की तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने की आदत रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल की झूठ बोलने और फिर उसे दोहराने की आदत है।

शाह ने कहा, जहां तक मोदी की जाति का संबंध है तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि नरेन्द्र मोदी जैसे महान नेता की जाति पर बहस हो रही है। राहुल गांधी को जाति और समूह में फर्क नहीं पता है। उन्होंने कहा कि मोदी ने कहा कि वह एक ओबीसी हैं और ओबीसी एक समूह है न कि कोई जाति। उन्होंने कहा कि राहुल को उनके शिक्षकों ने शायद यह सिखाया नहीं है।

शाह ने कहा, जहां तक जाति का संबंध है तो मैं देश को बताना चाहता हूं कि जब मोदी जैसे एक महान नेता की जाति पर सवाल उठाया गया है, जिसे पूरी दुनिया ने नेता माना है तो हमें जवाब देना होगा। यह लोकतंत्र है।

कांग्रेस द्वारा इस मुद्दे को उठाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने कहा कि वह विपक्षी दल से पूछना चाहते हैं कि उसने ओबीसी के लिए क्या किया है। उन्होंने कहा, काका कालेलकर रिपोर्ट पर वर्षों तक कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कुछ नहीं किया। उसके बाद मंडल आयोग की रिपोर्ट आयी। उन्होंने वर्षों तक कुछ नहीं किया। जब तक कांग्रेस ने सत्ता नहीं गंवाई, मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू नहीं किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी ने ही ओबीसी को संवैधानिक मान्यता दी और मोदी ने ही ओबीसी आयोग गठित किया।

शाह ने कहा, मोदी ही सभी केंद्रीय परीक्षाओं में ओबीसी के लिए आरक्षण लेकर आए। कांग्रेस हमेशा ओबीसी विरोधी पार्टी रही है।



## छत्तीसगढ़ सरकार की अपराध व मादक पदार्थ को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति : मुख्यमंत्री साय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/भाषा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अपराध और मादक पदार्थ को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति अपनाई है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अवैध गतिविधियों को रोकने में विफल रहने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

साय ने नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षकों (आईजीपी) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यदि एसपी अपने संबंधित जिलों में अपराधों पर अंकुश नहीं लगाते हैं तो उन्हें कड़ी विभागीय कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों को पुलिस से डरना चाहिए जबकि आम जनता को उनके प्रति सम्मान रखना चाहिए जैसा कि सेना के प्रति होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस को अपराधियों के प्रति कठोर होना चाहिए और आम जनता के प्रति विनम्र होने के साथ नरम रुख अपनाना चाहिए। साय ने कहा कि अवैध शराब का कारोबार, जुआ और सट्टेबाजी जैसी बुराइयां समाज पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं और युवाओं का इनसे प्रभावित होना चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अगर आपराधिक गतिविधियों को नहीं रोका गया तो संबंधित जिले के एसपी और थाना स्तर के अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## आप जल्द पंजाब में 13, चंडीगढ़ में एक लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करेगी: केजरीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**खन्ना (पंजाब)/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी एक पखवाड़े के भीतर पंजाब की 13 लोकसभा सीट और चंडीगढ़ की एक संसदीय सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। उन्होंने लोगों से आप के उम्मीदवारों की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। केजरीवाल ने पंजाब सरकार के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत घर तक राशन पहुंचाने की योजना के लिए आयोजित सभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा, दो साल पहले आपने आशीर्वाद दिया था। आपने हमें 117 सीट में से 92 सीट दीं। आपने पंजाब में इतिहास रचा।

दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा, आज मैं फिर से हाथ जोड़कर आपका आशीर्वाद चाहता हूं। दो महीने बाद लोकसभा चुनाव होंगे। पंजाब में 13 (लोकसभा) सीट हैं, एक चंडीगढ़ में है। कुल 14 सीट होंगी। केजरीवाल ने कहा, आने वाले 10-15 दिनों में आप इन सभी 14 सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि जिस तरह आपने दो साल पहले हमें आशीर्वाद दिया था, उसी तरह इन सभी 14 सीट पर पार्टी को जीत दिलाएं। केजरीवाल ने कहा कि इसने पिछले दो वर्षों में ''बहुत काम'' किया है। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी दलों पर हमला करते हुए कहा, अगर मैं आज आपसे पूछूं कि 75 साल में कांग्रेस ने इतने साल तक शासन किया, मुझे एक अच्छा काम बताएं जो पार्टी ने किया हो।

## गोवा विधानसभा में एसटी आरक्षण का सपना 2027 के चुनाव में हकीकत होगा : सावंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पणजी/भाषा।** गोवा के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में आदिवासियों को आरक्षण का सपना 2027 के चुनाव में हकीकत बन जाएगा। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शनिवार को सदन में यह जानकारी दी। विपक्ष के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सावंत ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और गृह मंत्री अमित शाह को तटीय राज्य में अनुसूचित जनजाति (एसटी) सीटों के निर्धारण और पहचान के लिए एक परिसीमन आयोग का गठन करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा है।

सावंत ने कहा, मैं 16 फरवरी को नई दिल्ली में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दोनों मंत्रियों से मिलूंगा।

गोवा की 40 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल अनुसूचित जनजाति के लिए कोई सीट आरक्षित नहीं है, वहीं अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय के लिए एक सीट आरक्षित है। एसटी समुदाय गोवा विधानसभा की 40 में से चार सीटों को अपने लिए आरक्षित करने की मांग कर रहा है।

सावंत ने कहा, जम्मू-कश्मीर, असम और अन्य राज्य वर्ष 2001 जनगणना के मुताबिक आरक्षण दे चुके हैं लेकिन गोवा को आदिवासियों के लिए ऐसी कोई सलाह या विचार प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, आरक्षण, 2011 या 2026 की जनगणना पर आधारित हो सकता है। विधानसभा में एसटी समुदाय के लिए आरक्षण 2027 के राज्य चुनावों में एक हकीकत होगा।

## भाजपा को 2022-23 में चुनावी बॉन्ड से लगभग 1300 करोड़ रुपए मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 2022-23 में चुनावी बॉन्ड के माध्यम से लगभग 1300 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। यह राशि इसी अवधि में इस माध्यम (चुनावी बॉन्ड) से विपक्षी दल कांग्रेस को प्राप्त धनराशि से सात गुना अधिक है।

निर्वाचन आयोग को सौंपी गई पार्टी की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में भाजपा को कुल 2120 करोड़ रुपए मिले जिसमें से 61 प्रतिशत चुनावी बॉन्ड से प्राप्त हुए। वित्त वर्ष 2021-22 में पार्टी को कुल 1775 करोड़ रुपए का चंदा प्राप्त हुआ था। वर्ष 2022-23 में पार्टी की कुल आय 2360.8 करोड़ रुपए रही, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 1917 करोड़ रुपए थी।

दूसरी ओर, कांग्रेस को चुनावी बॉन्ड के जरिये 171 करोड़ रुपए की आय हुई, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 236 करोड़ रुपए से कम थी। भाजपा और कांग्रेस मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल हैं।

राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त पार्टी समाजवादी पार्टी (सपा) को 2021-22 में चुनावी बॉन्ड के जरिए 3.2 करोड़ रुपए की आय हुई थी। वर्ष 2022-23 में उसे इन बॉन्ड के जरिये कोई धनराशि नहीं मिली थी। एक अन्य राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त पार्टी, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) को 2022-23 में चुनावी बॉन्ड के माध्यम से 34 करोड़ रुपए मिले, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 10 गुना अधिक राशि है।



## कर्म संवाद कार्यक्रम सम्पन्न, शटल क्लैश कार्यक्रम के बैनर-पोस्टर का हुआ विमोचन

**मैसूरु/दक्षिण भारत।** मैसूरु जीतो चैप्टर की लेडीज विंग के तत्वावधान में 'कर्म संवाद' विषय व्याख्यान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ तथा साथ ही 25 फरवरी को आयोजित होने वाले 'शटल क्लैश' नामक कार्यक्रम के पोस्टर व बैनर का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेंगलूरु से आई पूजा मेहता ने कर्म संवाद कार्यक्रम में कहा कि कर्म सत्ता से कोई नहीं बच सकता। कर्म का फल सभी को भुगतना ही पड़ता है। इसलिए हमेशा अच्छे कर्म करना चाहिए। पूजा मेहता ने उपस्थित 80 सदस्याओं को कर्म संवाद विषय पर जानकारी दी । इस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर जीतो मैसूरु चैप्टर के अध्यक्ष कांतिलाल चौहान, केकेजी जोन संयोजक चन्द्रगुप्त कटारिया, महिला विंग के संयोजक व जीतो कोषाध्यक्ष विनोद बाकलीवाल, मुख्य सचिव गौतम सालेचा, यूथ विंग चेयरमैन पुनीत श्रीश्रीमाल, महिला अध्यक्ष मोना भटेवरा, मुख्य सचिव रजनी डागलिया, उपाध्यक्ष सपना गांधी, कोषाध्यक्ष सरिता बाघमार, कार्यक्रम संयोजिका मीनाक्षी कोठारी, शटल क्लैश कार्यक्रम की संयोजिका भारती मेहता व सहसंयोजिका संजू रुणवाल आदि उपस्थित थे।

## संसद का बजट सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली/भाषा।** संसद की कार्यवाही शनिवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई और इसके साथ ही बजट सत्र का समापन हो गया। इस दौरान अंतरिम आम बजट, जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट, परीक्षा पत्र लीक होने के विरुद्ध लाए गए विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित किया गया तथा अर्थव्यवस्था के बारे में सरकार द्वारा लाए गए श्वेत पत्र एवं अयोध्या में राम मंदिर निर्माण व रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर भी चर्चा की गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्रहवीं लोकसभा के अंतिम सत्र को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने से पहले अपने पारंपरिक संबोधन में इस दौरान विभिन्न विधेयक पारित करवाने में विभिन्न दलों के सहयोग का उल्लेख किया।

राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन की बैठक को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किए जाने से पहले इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि सत्र के दौरान उच्च सदन ने कई दिन निर्धारित समय से अधिक बैठकर विधायी एवं अन्य सूचीबद्ध कामों को पूरा किया। दोनों सदनों को अनिश्चित काल के स्थगित किए जाने के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोनों सदनों में मौजूद थे।

## दिल्ली के सैलून में दो लोगों की हत्या करने के आरोपियों की पहचान हुई



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के नजफगढ़ में एक सैलून के अंदर दो लोगों की गोली मारकर हत्या करने के एक दिन बाद पुलिस ने दोनों हमलावरों की पहचान कर ली है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर विवाद घटना की वजह बनी। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान संजीव दहिया उर्फ संजू और हर्ष उर्फ चिंटू के रूप में हुई है जिन्होंने शुक्रवार को नजफगढ़ के इंदिरा पार्क में आशीष और सोनू की गोली मारकर हत्या कर दी। हमले में मारे गए व्यक्ति बाल कटवाने के लिए सैलून गए थे।

सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के कथित सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति हमलावरों से गुहार लगाता नजर आ रहा है। हमलावरों ने बेहद करीब से उनके सिर में गोलियां मारी थी। फुटेज में सैलून की दो महिला कर्मचारी भी डरकर भागती नजर आ रही हैं।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आपसी दुश्मनी का मामला प्रतीत होता है जो एक अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट के कारण उत्पन्न हुआ होगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद हत्याकांड के पीछे का सही कारण पता चलेगा। सूत्रों ने कहा कि दहिया दिल्ली की एक अदालत में वकालत करता है लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, जेल में बंद गैंगस्टर योगेश टुंडा का भाई हर्ष उर्फ चिंटू हाल ही में जमानत पर जेल से रिहा हुआ है।

## देश में 'भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल': राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। उन्होंने 'प्रगति मैदान टनल' से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। 777 करोड़ रुपए खर्च कर बनाई गई प्रगति मैदान टनल सिर्फ एक साल में उपयोग के लायक नहीं रही। उन्होंने दावा किया, प्रधानमंत्री विकास की हर परियोजना पर 'प्लानिंग' की जगह 'मॉडलिंग' कर रहे हैं और ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग भ्रष्टाचार से नहीं, लोकतंत्र से लड़ रहे हैं।



## तेलंगाना सरकार ने 2024-25 के लिए 2.75 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,75,891 करोड़ रुपए के कुल व्यय के साथ लेखानुदान बजट पेश किया।

बजट में राजस्व व्यय 2,01,178 करोड़ रुपए और पूंजीगत व्यय 29,669 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। बजट में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी की छह चुनावी 'गारंटियों' को लागू करने के लिए 53,196 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा गया। कांग्रेस सरकार के दिसंबर, 2023 में सत्ता में आने के बाद पेश किए गए पहले अंतरिम बजट में कृषि के लिए 19,746 करोड़ रुपए और सिंचाई के लिए 28,024 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। विक्रमार्क ने आरोप लगाया कि पिछली बीआरएस सरकार ने राज्य को दिवालिया बना दिया था, और अनियोजित ऋण का बोझ अब एक चुनौती बन रहा है। उन्होंने कहा, फिर भी, हम नियोजित विकास लक्ष्यों पर कायम रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार कामकाज में फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने की योजना बना रही है।

## केरल सरकार ने 'स्काउट्स और गाइड्स' शिविर में छात्राओं की हुई मौत की जांच के आदेश दिए

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल सरकार ने तिरुवनंतपुरम जिले में 'स्काउट्स और गाइड' शिविर में भाग लेने के दौरान दो छात्राओं के डूबने की घटना की जांच के आदेश दिए हैं। फाहिमा मोहसिना(11) और आयशा रिधा(13) एमएसएम एचएसएस कल्लिंगलपरम्बा की छात्राएं थीं। छात्राओं ने यहां नेडुंक्कयम में 'इको टूरिज्म सेंटर' में 'स्काउट्स और गाइड्स' के लिए लगाए गए शिविर में अन्य विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ कथित तौर पर भाग लिया था। यह घटना उस वक्त हुई, जब शिविर से लौटने के दौरान तीन विद्यार्थी नहाने के लिए करिम्पुझा नदी में उतर गए। शिक्षकों ने उनमें से 1 को सुरक्षित बाहर निकाला, जबकि दो छात्राएं डूब गईं। सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने घटना की जांच की घोषणा करते हुए मलप्पुरम जिलाधिकारी को इस संबंध में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

## चरण सिंह की विरासत की तुलना 2024 के 'छोटे से चुनाव' से करना उनके कद को घटाना है : जयंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) नेता जयंत चौधरी ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की विरासत की तुलना 2024 के 'छोटे से चुनाव'से करना उनके कद को कम करना है। इसी के साथ उन्होंने रालोद और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के बीच 'समझौते'के बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

जयंत चौधरी ने यह टिप्पणी उनके दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के बाद विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन को छोड़कर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने को लेकर लग रहे कयासों पर की। चौधरी ने कहा, आप चौधरी चरण सिंह की महान विरासत की तुलना 2024 के छोटे से चुनाव से कर रहे हैं, आप उनके कद को कम कर रहे हैं और उनके समर्थकों का अपमान कर रहे हैं। यह भारत रत्न जैसे सम्मान का अपमान है। रालोद के भाजपा के साथ 'समझौता' होने के लग रहे आरोपों पर उन्होंने कहा, भारत रत्न सम्मान के लिए चुनने की एक पवित्र प्रक्रिया है। सरकार राष्ट्रहित में लोगों की भावना को ध्यान में रखकर फैसला करती है...उनके निधन के 37 साल के बाद सरकार ने उन्हें सम्मानित करने पर विचार किया। अगर वे इसमें कुछ गलत देखते हैं और सोचते हैं कि यह कोई समझौता है तो यह उनके वैचारिक पतन को दिखाता है। जयंत से जब पूछा गया कि समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ समझौते में क्या गलत हुआ तो उन्होंने कहा कि यह 'आंतरिक मामला' है। उन्होंने कहा कि वह बाद में बताएंगे कि क्यों उनका रुख बदला। रालोद नेता ने कहा, वे आंतरिक मामले हैं जो विश्वास आधारित हैं। अखिलेश जी और मेरे बीच जो भी चर्चा हुई उसे बाहर नहीं बताया जा सकता...जब हमारा गठबंधन तय हो जाएगा और उसकी घोषणा कर दी जाएगी तब मैं बता पाऊंगा कि क्यों मैंने अपना रुख बदला और आगे का कदम क्या है।

जयंत ने पहले कहा था कि वह 'चवन्नी नहीं जो पलट जाएंगे''। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि टिप्पणी की भी 'अंतिम मियाद'होती है। उन्होंने कहा, यह पहले भी होता था लेकिन उस समय का रिकॉर्ड हमेशा उपलब्ध नहीं होता था। यह इंटरनेट का जमाना है और 20 साल पहले के मेरे बयान भी आप देख सकते हैं जब भाजपा के समर्थन से मैंने चुनाव लड़ा था और मथुरा सीट पर जीत दर्ज की थी।

## बाबरी मस्जिद थी, है और हमेशा रहेगी: ओवैसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन औवैसी ने शनिवार को लोकसभा में दावा किया कि ''बाबरी मस्जिद थी, है और हमेशा रहेगी। उन्होंने सदन में नियम 193 के तहत 'ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि वह बाबर, जिन्ना औ औरंगजेब के प्रवक्ता नहीं हैं।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' की घोषणा पर सवाल खड़े किए और कहा कि यह बताता है कि इंसाफ या जिंदा है या जुल्म को बरकरार रखा जा रहा है।

हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने सवाल किया, क्या मोदी सरकार एक धर्म की सरकार है या सभी धर्मों को मानने वालों की सरकार है? क्या यह सिर्फ हिंदुत्व के नजरिये की सरकार है? '' ओवैसी ने सत्तापक्ष के सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा, क्या मैं बाबर, जिन्ना और औरंगजेब का प्रवक्ता हूं?'' एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा, मेरा ईमान मुझे कहता है कि बाबरी मस्जिद थी, है और रहेगी। बाबरी मस्जिद जिंदाबाद, भारत जिंदाबाद, जय हिंद।

एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का कहना था कि राम मंदिर के विषय पर 'तथाकथित धर्मनिरपेक्ष पार्टियों' की चुप्पी ही उनकी रजामंदी है। उन्होंने कहा, मर्यादा पुरुषोत्तम राम की इज्जत करता हूं, लेकिन नाथूराम गोडसे से नफरत करता हूं क्योंकि गोडसे ने उस शख्स को गोली मारी जिनके मुंह से आखिरी शब्द 'हे राम' निकला था। ओवैसी ने दावा किया कि आज देश के मुसलमान अजनबी और अलग-थलग महसूस कर रहे हैं।

### कोयंबटूर कार विस्फोट मामला

# एनआईए तमिलनाडु के कई ठिकानों पर कर रही छापेमारी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) तमिलनाडु के कोयंबटूर में आतंकी संगठन आईएसआईएस से प्रेरित होकर किये गए कार धमाके के मामले में शनिवार को राज्य के कम से कम 27 ठिकानों की तलाशी ले रहा है। मामले में अबतक 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

एजेंसी ने मुख्य संदिग्ध के तौर पर जेम्शा मुबीन की पहचान की है। एनआईए के मुताबिक, वह आत्मघाती हमलावार था और अक्टूबर 2022 में उस वाहन में विस्फोट होने से उसकी मौत हो गई थी, जिसपर आईईडी (विस्फोटक) रखी हुई थी। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी की कार्रवाई चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, मदुरै, तिरूनेवेली और कोयंबटूर में एक साथ उन संदिग्धों के परिसरों में हो रही है जिनके आईएसआईएस से संबंध होने या समर्थक होने का संदेह है।

उन्होंने बताया कि छापेमारी की कार्रवाई शनिवार तड़के शुरू हुई और विस्तृत जानकारी का इंतजार है। सूत्रों के मुताबिक, मामले में शुरुआती प्राथमिकी कोयंबटूर शहर के उक्कडम पुलिस थाने में दर्ज की गई थी और बाद में मामले की जांच एनआईए को सौंप दी गई। केंद्रीय एजेंसी ने 27 अक्टूबर 2022 को आधिकारिक रूप से दोबारा मुकदमा दर्ज किया। एनआईए ने बताया कि गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान कोयंबटूर निवासी तहनसीर के रूप में हुई है। उसने कथित तौर पर 23 अक्टूबर को कोयंबटूर में उक्कडम के ईश्वरन कोविल मार्ग पर स्थित प्राचीन अरुलमिगु कोट्टई संगमेश्वर मंदिर के सामने आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जेम्शा मुबीन और मोहम्मद तौफीक के साथ साजिश रची थी। एजेंसी ने कहा कि आईईडी से लैस वाहन को जेम्शा मुबीन चला रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि मृत आरोपी जेम्शा आईएसआईएस की कट्टरपंथी विचारधारा से बहुत अधिक प्रभावित था।




# आईओबी की स्थापना दिवस पर नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सेलम।** यहां इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) की सिलनायक्कनपट्टी शाखा में तीन शाखाओं ने संयुक्त रूप से संस्थान का 88वें स्थापना दिवस मनाया। तीनों ही शाखा के प्रबंधक, प्रमुख ग्राहक और अतिथि कवि नितेश संतुलन ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सतीश कुमार जैन ने सभी का स्वागत किया। सतीश जैन ने संवाददाता से बातचीत में कहा कि वर्तमान में देश में इंडियन ओवरसीज बैंक की 3200 से अधिक शाखाएं सक्रिय रूप से कार्यरत है। एम चिदंबरम शेट्टियार द्वारा संस्थापित इस वित्तीय संस्थान का सन् 1969 में जब भारत में अनेक बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया तब इसे भी पी एस यू की श्रेणी में लाया गया।

इस अवसर पर बैंक द्वारा अरविंद आई फाउंडेशन के साथ संयुक्त संयोजकत्व में नेत्र चिकित्सा, ब्लड प्रेशर तथा मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसका अनेक लोगों ने लाभ लिया। विभिन्न उत्पादों से जुड़े प्रमुख व्यवसायी अमित गुप्ता, निशांत अग्रवाल, तरुण गर्ग, अभिषेक पाटनी, राकेश पटेल आदि ने बैंक प्रबंधन द्वारा लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता सम्बंधित कार्यक्रम के आयोजन वाली विचारधारा को काफी सराहा। बैंक की महिला कर्मचारी निशांती आर ने आभार व्यक्त किया।




# मदुरै रेल मंडल को मिली सर्वश्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए राजभाषा शील्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे के मुख्यालय में शुक्रवार को दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार–2023 का वितरण और 68 वां रेलवे सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह में वर्ष 2022 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ कार्य किए कार्यालयों/मंडलों को दक्षता शील्ड प्रदान की गई। मदुरै मंडल के तीन विभागों को शील्ड प्रदान की गयी। इनमें राजभाषा हिंदी के सर्वश्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए राजभाषा रोलिंग शील्ड मदुरै मंडल ने जीता है। मदुरै मंडल ने लगातार छठी बार जीती है।

इस पर महाप्रबंधक आरएन सिंह ने मंडल को बधाई दी और राजभाषा शील्ड प्रदान की। समारोह में प्रधान कार्यालय के प्रमुख विभागध्यक्षों और अन्य अधिकारियों, पुरस्कार विजेताओं और कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कैंसर के खिलाफ ग्लोबल ऑकोलाजिस्ट समिट का आयोजन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां वीएस हॉस्पिटल तथा वीएस मेडिकल ट्रस्ट द्वारा गिंडी स्थित एक होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में दो दिवसीय बीएस इंटरनेशनल प्रेसीजन ऑंकोलॉजी समिट–2024 का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन कैंसर देखभाल कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सहयोग तथा नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए विश्व भर के कैंसर विशेषज्ञों को एक साथ मंच प्रदान करता है। वीआईपीओएस 2024 का प्रमुख उद्देश्य स्क्रीनिंग डायग्नोस्टिक्स प्रोग्नोस्टिक्स तथा थेरैप्यूटिक्स के व्यापक महत्व पर जोर देते हुए कैंसर के उपचार में परिवर्तनकारी प्रगति को आगे बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम में कैंसर चिकित्सा केंद्रों के 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं सभी प्रतिनिधि कैंसर के नवीनतम नवाचारों पर चर्चा करेंगे तथा प्राणघातक रोगों जैसे लिंफोमास, ल्यूकेमियाज स्तन, फेफड़े, सिर, गर्दन इत्यादि में घातक कैंसर रोग पर चिकित्सा उपचार पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर वीएस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर प्रोफेसर डॉक्टर एस सुंदर तथा वीएस मेडिकल ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक एस मुथु सुब्रमण्यम ने नवीन तकनीक के माध्यम से ऑंकोलॉजी को आगे बढ़ाने में अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा की इस आयोजन से कैंसर देखभाल तथा इसके उपचार पर सकारात्मक प्रभाव होगा तथा यह दुनिया भर के कैंसर रोग से पीड़ित लोगों के लिए नई आशा एवं उपचार की नई संभावनाएं प्रदान करेगा।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मेडिकल ऑंकोलॉजिस्ट शिखर सम्मेलन के निदेशक तथा अध्यक्ष डॉ एस सुब्रमण्यम अपोलो अस्पताल चेन्नई के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शंकर श्रीनिवासन तथा डॉक्टर कलाई चेल्वी सहित अनेक कैंसर रोग विशेषज्ञ समिट में शामिल हुए तथा कैंसर के नवीनतम उपचार पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



# आईओबी ने मनाया स्थापना दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुडुचेरी।** यहां इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) पुडुचेरी क्षेत्रीय कार्यालय और 100 फीट रोड शाखा ने मरापालम जंक्शन से 100 फीट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय तक वॉकथॉन आयोजित करके 88वां संस्थापक दिवस समारोह मनाया।

ईस्ट कोस्ट हॉस्पिटल, पुडुचेरी के सहयोग से ग्राहकों और जनता के लिए स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।श्रीशा डेंटल क्लिनिक, पुडुचेरी के सहयोग से ग्राहकों और जनता के लिए डेंटल चेकअप की भी व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर एक रैली निकाली गई। ईस्ट कोस्ट अस्पताल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. एन मुरुगेसन ने इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक आर राकेश, सहायक महाप्रबंधक जे एबेनेज़र सोफिया, 100 फीट रोड शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक टी श्रीनिवासन और बड़ी संख्या में आईओबी कर्मचारी और आम जनता ने कार्यक्रम में भाग लिया और स्वास्थ्य जांच शिविर से लाभ उठाया।

# कर्नाटक आर्य वैश्य चैरिटेबल ट्रस्ट का वार्षिक उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति कार्यक्रम आज

**बेंगलूरु।** कर्नाटक आर्य वैश्य चैरिटेबल ट्रस्ट का वार्षिक उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति कार्यक्रम (15वां वर्ष) रविवार को जयनगर स्थित एनएमकेआरवी कॉलेज ग्राउंड में सुबह 11 बजे होगा।

चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सीए आईएस प्रसाद ने बताया कि कर्नाटक में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले 1,000 से ज्यादा विद्यार्थियों को 1 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति दी जा रही है। विशेष रूप से प्रतिभाशाली बच्चों का सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर, परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी और सांसद तेजस्वी सूर्या शिरकत करेंगे।

# ‘ईश्वरप्पा की टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया’



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस येडीयुरप्पा ने शनिवार को कहा कि कुछ लोग पूर्व मंत्री के एस ईश्वरप्पा की ‘देशद्रोहियों को गोली मारो’ वाली टिप्पणी को अलग अर्थ देने के लिए तोड़–मरोड़ कर पेश कर रहे हैं।

येडीयुरप्पा ने शिवमोग्गा में संवाददाताओं से कहा, ‘‘लोग ईश्वरप्पा के बयान के बारे में नकारात्मक मतलब निकाल रहे हैं। ईश्वरप्पा ने केवल देशद्रोहियों को गोली मारने के लिए कानून बनाने की मांग की थी। ईश्वरप्पा के बयान और उनके खिलाफ की गई टिप्पणियों के बीच कोई संबंध नहीं है।’’ ईश्वरप्पा की टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दावणगेरे में प्राथमिकी दर्ज की गई है। ईश्वरप्पा की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर ने सभी से अपनी–अपनी हद में रहने को कहा। शेट्टर ने हुब्बल्ली में कहा, ‘‘ईश्वरप्पा ने अपने बयान का बचाव किया है। मैंने पहले भी कई बार कहा है कि किसी को भी लक्ष्मण रेखा पार नहीं करनी चाहिए।’’ भाजपा के पूर्व विधायक एम पी रेणुकाचार्य ने ईश्वरप्पा का समर्थन करते हुए कहा कि देश के विभाजन की बात पर कोई चुप नहीं रह सकता। रेणुकाचार्य ने कहा, ‘‘ईश्वरप्पा कट्टर हिंदुत्व समर्थक हैं। उन्होंने केवल सच बोला है। जब कोई देश के विभाजन की बात करता है तो वह कैसे चुप रह सकते हैं?’’ ईश्वरप्पा के बयान पर कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रियंक खरगे ने कहा कि यह बयान भाजपा नेता की समझ के स्तर को दर्शाता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियंक ने कलबुर्गी में संवाददाताओं से कहा, गोली मारने के लिए कानून लाने का आपका (ईश्वरप्पा का) बयान आपकी समझ के स्तर को दर्शाता है। जब उनकी अहमियत नहीं है तो उनके बयानों को गंभीरता से क्यों लिया जाना चाहिए? उन्होंने पहले ही राजनीति से ‘अनैच्छिक सेवानिवृत्ति’ ले ली है और मार्गदर्शक मंडल में भी जगह नहीं बना सके।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को ईश्वरप्पा के बयान के विरोध में बेंगलूरु के चक्रवर्ती लेआउट स्थित उनके घर का घेराव करने की कोशिश की। वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एहतियातन हिरासत में ले लिया।

# ‘रोड टू नोव्हेयर’ से संपूर्ण विकास तक, मोदीजी का प्रशासन : डॉ. सी.एन. अश्वत्थनारायण



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** केंद्र की बीजेपी सरकार ने एक सांख्यिकीय श्वेत पत्र के जरिए अपनी उपलब्धियों का ऐलान किया है। ’गवर्नमेंट रोड टू नोव्हेयर’ यूपीए काल में था। यह राजनीति से प्रेरित प्रशासन था। पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ सीएन अश्वत्थनारायण ने विश्लेषण किया कि यह नरेंद्र मोदीजी ही थे जिन्होंने यूपीए द्वारा छोड़ी गई आर्थिक अराजकता, दिशाहीन प्रशासन और अराजकता को ठीक करके देश को कठिन समय से अच्छे समय में ले गए। मल्लेश्वरम में भाजपा के राज्य कार्यालय जगन्नाथ भवन में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने केंद्र की एनडीए सरकार की उपलब्धियों और यूपीए सरकार की विफलताओं के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि कांग्रेसी महंगाई की बात करते हैं। वाजपेयी के शासनकाल में महंगाई दर 3.97 थी. कांग्रेस के 10 वर्षों के दौरान यह औसत 8.2 प्रतिशत था। कोविड, वैश्विक वित्तीय संकट और युद्धों के बावजूद, मोदीजी के प्रशासन के दौरान औसत मूल्य वृद्धि 57 है। दुनिया में हर जगह कीमतें बढ़ रही हैं। वास्तव में, यूपीए काल के दौरान, कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी।

वाजपेयी के समय में 87 जीडीपी ग्रोथ थी। हालाँकि, यूपीए काल के दौरान, कीमतों में वृद्धि के बावजूद विकास कम था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस काल में सिर्फ 5 फीसदी विकास हुआ. उन्होंने कहा कि मोदी के कार्यकाल में हम 8 से 9 फीसदी की ग्रोथ देख रहे हैं। यूपीए काल में सरकारी बैंकों ने सबसे ज्यादा कर्ज दिया था। उन्होंने कहा कि वाजपेयी के समय लोन एक्सपोजर 6 लाख 60 हजार करोड़ था, लेकिन यूपीए के समय यह बढ़कर 39 लाख करोड़ हो गया। देश का कर्ज़ चुकाना भी एक समस्या थी। यूपीए सरकार की नींद हराम होने की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि बैंकों का एनपीए 7 फीसदी है। अब यह 3.2 फीसदी है. बैंक पहले ही बंद की स्थिति में थे। उन्होंने कहा कि अब उन्होंने मोदीजी के प्रशासन में विकास देखा है। यूपीए काल में डॉलर की कीमत में बढ़ोतरी भी अपने चरम पर थी। हमारे देश में विदेशी भंडार (290 अरब डॉलर) केवल 4 महीने के आयात के लिए पर्याप्त था। अब 596 अरब डॉलर है। उन्होंने बताया कि अब विकास का प्रबंधन आशाजनक तरीके से किया जा रहा है।

# गेंदबाजों ने कर्नाटक को तमिलनाडु के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंचाया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** कर्नाटक के गेंदबाजों ने देवदत्त पडीक्कल की 151 रन की शानदार पारी के बाद शनिवार को यहां कसी गेंदबाजी से रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन स्टंप तक तमिलनाडु के 129 रन पर सात विकेट झटककर अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। पडीक्कल ने 12 चौके और छह छक्कों की मदद से 218 गेंद में 151 रन बनाये जो उनका इस सत्र में तीसरा रणजी ट्राफी शतक है। लेकिन वह दिन की दूसरी गेंद पर आउट हो गये और अपने कल के स्कोर में कोई रन नहीं जोड़ सके। सुबह पांच विकेट पर 288 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए हार्दिक राज (51) ने अपना पहला प्रथम श्रेणी अर्धशतक जड़ा जबकि विकेटकीपर श्रीनिवास शरत ने 83 गेंद में 45 रन बनाये। कर्नाटक के अंतिम पांच बल्लेबाजों ने महज 78 रन जोड़े जिससे टीम 119.4 ओवर में 366 रन पर सिमट गयी। फिर कर्नाटक के गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर विकेट लेकर प्रतिद्वंद्वी टीम के 56 ओवर में 129 तक सात विकेट झटक लिये थे। ऑफ स्पिनर ए शशि कुमार ने तीन जबकि हार्दिक ने दो विकेट झटके।

नारायण जगदीशन (56 गेंद में 40 रन), बाबा इंद्रजीत (नाबाद 35 रन) और विमल कुमार (14) ही तमिलनाडु के लिए दोहरे अंक तक पहुंच सके। स्टंप तक तमिलनाडु की टीम 237 रन से पिछड़ रही थी। मोहाली में ग्रुप के एक अन्य मैच में गुजरात ने पंजाब पर पहली पारी की अहम बढ़त हासिल की। आठ विकेट पर 250 रन के रात के स्कोर से आगे खेलते हुए गुजरात ने 94.3 ओवर में 339 रन बनाये। इसके बाद शानदार गेंदबाजी के बूते पंजाब को 219 रन पर समेट दिया। मध्यम गति के गेंदबाज प्रियाजीतसिंह जडेजा ने 60 रन देकर पांच विकेट झटके जबकि चिंतन गजा (71 रन देकर तीन विकेट) ने तीन विकेट प्राप्त किये। पंजाब के लिए कप्तान मंदीप सिंह ने नाबाद 76 रन और बलतेज सिंह ने 43 गेंद में 42 रन बनाये। चंडीगढ़ में त्रिपुरा ने चंडीगढ़ के 356 रन के जवाब में 62 ओवर में चार विकेट गंवाकर 187 रन बना लिये। सूरत में रेलवे ने गोवा को 200 रन पर समेटकर पहली पारी में 97 रन की बढ़त हासिल की और स्टंप तक उसने बिना विकेट गंवाये 31 रन बना लिये जिससे उसकी कुल बढ़त 128 रन की हो गयी।

# केंगल हनुमंतैया एक कुशल शासक थे : मुख्यमंत्री सिद्दरामैया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि केंगल हनुमंतैया एक कुशल शासक थे जिन्होंने लगभग साढ़े चार साल तक कर्नाटक पर बहुत कुशलता से शासन किया। वे शनिवार को विधानसौधा में उपस्थित होकर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केंगल हनुमंतैया की जयंती समारोह के हिस्से के रूप में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि केंगल हनुमंतैया रामनगर जिले के रहने वाले ते और संविधान के बाद पहले मुख्यमंत्री बने। अपने समय में उन्होंने आम चुनाव जीता और विधायक दल के नेता के रूप में मुख्यमंत्री बने।

हमने केंगल हनुमान को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वह रामनगर जिले के रहने वाले थे और संविधान के बाद मुख्यमंत्री बने। अपने समय में उन्होंने आम चुनाव जीता और विधायक दल के नेता के रूप में मुख्यमंत्री बने। विधानसौधा का निर्माण उन्होंने करवाया। उनका प्रशासन हम सभी के लिए एक आदर्श है। विधान सौधा के पूर्वी हिस्से पर सरकारी काम को भगवान का काम लिखा है और इसका मतलब है कि सार्वजनिक सेवा ही भगवान की सेवा है। उन्होंने सरकार के लिए प्रतिबद्धता और सख्ती से काम किया। भले ही वे पुराने मैसूर के थे, फिर भी उन्होंने व्यापक कर्नाटक बनने के लिए कर्नाटक के एकीकरण में भाग लिया। उनके सिद्धांत और आदर्श हमारे लिए आदर्श हैं।



# ‘गद्दारों को गोली मारो’ बयान को लेकर कर्नाटक के पूर्व मंत्री ईश्वरप्पा के खिलाफ प्राथमिकी

**दावणगेरे।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मंत्री के. एस. ईश्वरप्पा के ‘गद्दारों को गोली मारो’ बयान को लेकर उनके खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और उन्हें एक नोटिस भी दिया गया है। दावणगेरे एक्सटेंशन पुलिस थाने ने इलाके के निवासी हनुमनथप्पा (36) की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया है। ईश्वरप्पा ने बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में कहा था, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील करना चाहता हूं कि वह उन दो गद्दारों (डी. के. सुरेश और विनय कुलकर्णी) को गोली मारने के लिए कानून बनाएं जो दक्षिण भारत को एक अलग देश बनाना चाहते हैं।



# नये भारत का नया इतिहास लिखने की ओर कदम बढ़ा रहा है देश : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिरोही। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि सकारात्मक ऊर्जा ही जीवन में प्रगति व परिवर्तन की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक पहल से हमारा देश नये भारत का नया इतिहास लिखने की ओर कदम बढ़ा रहा है। शर्मा, सिरोही के ब्रह्माकुमारीज संस्थान में 'स्वर्णिम राजस्थान' अभियान के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर नयी ऊंचाई देने में सराहनीय प्रयास कर रहा है।

उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा लोगों के स्वास्थ्य, समृद्धि और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जल-जन अभियान, अन्न (मिलेट्स) अभियान तथा गोकुल गांव सर्वांगीण विकास अभियान की राज्य में आज शुरुआत की जा रही है। सरकारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि हमें नागरिक होने के कर्तव्यों का एहसास करना चाहिए और अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति के बारे में सोचना चाहिए। शर्मा ने कहा कि हमारा छोटा सा कदम भी उनका जीवन बदल सकता है।

उन्होंने कहा कि अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन में हमारा प्रदेश देश में अग्रणी स्थान रखता है। राज्य सरकार भी प्रदेश में मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा आयोजित राज ऋषि ग्राम प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इससे पहले शर्मा ने अपने नागौर दौरे के दूसरे दिन ग्राम सिंगड़ के निकट ढ़ाणी में प्रगतिशील किसानों से चाय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश की समृद्धि गांवों के सर्वांगीण विकास से ही प्रशस्त होगी। किसान वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए राज्य सरकार ने गेहूं की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 125 रुपये बोनस देने की घोषणा की है। साथ ही, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत दो हजार रुपये की बढ़ोतरी का भी निर्णय किया गया है। साथ ही शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व पी. वी. नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित करना ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने इन शख्सियतों को 'भारत रत्न' सम्मान देने की घोषणा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। शर्मा ने कहा कि जीवन भर किसान हितों के लिए कार्य करने वाले चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय देश व प्रदेश के असंख्य किसानों का सम्मान है।

## दुनिया के हर क्षेत्र में पहचान बना रहा भारत : शेखावत

जयपुर। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कहा कि आज भारत का परचम दुनिया के हर क्षेत्र में लहरा रहा है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने यहां एक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत खेल, कला, संस्कृति, ज्ञान, विज्ञान और जीवन के हर क्षेत्र में विश्व भर में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा, 'भारत की मान्यता पूरे विश्व में होने लगी है। हम सौभाग्यशाली हैं कि इस समय भारत में रहने और काम करने का अवसर मिला है।'

दीक्षांत समारोह पर अपने संबोधन में शेखावत ने कहा, 'बहुत मनन और अध्ययन के बाद हमारे ऋषियों और मुनियों ने इस दिन को दीक्षा के अंत के रूप में स्वीकार किया। वे जानते थे कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा का कभी अंत या समापन नहीं हो सकता।' उन्होंने कहा कि लोगों में जीवन भर विद्यार्थी भाव बना रहना चाहिए।

शेखावत ने कहा कि जब व्यक्ति सीखना बंद कर देता है तो उसके विकास की प्रक्रिया समाप्त हो जाती है। शेखावत ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से कहा कि यह सौभाग्यपूर्ण अवसर हमें ऐसे समय में मिला है, जब हम देश में 'बदलावों' का हिस्सा बन रहे हैं।

# राजस्थान में निजी बैंक में 2.50 करोड़ रुपये के गबन मामले में प्रबंधक सहित दो लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 46 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने यहां एक बयान में बताया, 'धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चन्द जैन (72) को गिरफ्तार किया गया।'

अधिकारी के अनुसार, गबन की राशि से आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने उदयपुर-नाथद्वारा रोड पर एक 'फार्म हाउस' खरीदा। उन्होंने बताया कि मामला उस समय सामने आया जब बैंक के एक ग्राहक के खाते से चार फरवरी को 32 लाख रुपये निकाल लिये गये। अधिकारी के मुताबिक, बाद में जब बैंक के अन्य ग्राहकों के खातों की जांच की गई तो गबन की जानकारी हुई।

अधिकारी ने बताया कि मामला सामने आने के बाद बैंक अधिकारियों ने छह फरवरी को बैंक के प्रबंधक प्रशांत काबरा के खिलाफ थाना धरियावद में मुकदमा दर्ज कराया।

उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया कि विभिन्न खाता धारक जब बैंक में एफडी और केसीसी करवाते थे तो आरोपी उन खातों पर 'ओवरड्राफ्ट लिमिट' बनाकर राशि को अपनी पत्नी दीपिका काबरा व जालम चंद जैन, उसकी पत्नी मन्जुला जैन, पुत्र राकेश जैन व उसकी फर्म पूजा कंस्ट्रक्शन के खातों में जमा कर गबन किया करता था। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान कुल 62 बैंक खातों को फ्रीज कर 62.71 लाख रुपये की राशि को होल्ड किया गया और आरोपी की निशानदेही से कुल 46 लाख रुपये जब्त किये गये।



# बच्चों की जिंदगी में बदलाव लाने के लिए क्लॉस रूम में ईमानदारी से प्रयास जरूरी : जैन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश के स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों बच्चों की जिंदगी में बदलाव लाने के वृहद उद्देश्य को क्लास रूम्स में शिक्षकों के सतत और ईमानदार प्रयासों से ही साकार किया जा सकता है। ऐसे में शिक्षक अपने पवित्र पेशे के प्रति पूरी तरह समर्पित होकर दिलोदिमाग का उपयोग शाला समय और कक्षा कालांश अवधि में अपनी क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ तरीके से उपयोग करने का संकल्प लें। यह बात स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव ने शुक्रवार को जयपुर में प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में नवनियुक्त करीब 40 हजार लेवल-1 और लेवल-2 के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए तैयार किए जा रहे 'मास्टर ट्रेनर्स' की इंडक्शन ट्रेनिंग के तीसरे बैच के उद्घाटन को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स जिलो में नव नियुक्त शिक्षकों को प्रशिक्षण देते समय सिस्टम की खामियों का पता लगाकर उनको दूर करते हुए इसे स्वस्थ और पहले से बेहतर बनाने में अपना श्रेष्ठ योगदान दे सके, 'इंडक्शन ट्रेनिंग' का यह कांसेप्ट इसी दिशा में एक सशक्त कदम है।

जैन ने कहा कि हर बच्चे को अपनी मंजिल और जीवन में उच्च मुकाम पर पहुंचाने में शिक्षकों की सबसे बड़ी भूमिका होती है। अतः यह जरूरी है कि शिक्षकों के पास कंटेंट के साथ सही 'इंटेंट' का होना भी आवश्यक है, जो उन्हे बच्चों के कॅरिअर को संवारने के लिए लगातार मोटिवेट करे। उन्होंने कहा कि कक्षाओं में जब शिक्षकों के सामने बच्चे होते है और उनके हाथ में चाक या मार्कर एवं बोर्ड होता है, यहीं बच्चों के सुखद भविष्य की नींव रखने का सबसे माकूल समय होता है। मास्टर ट्रेनर्स जिलों में नव नियुक्त शिक्षकों को प्रशिक्षित करते समय इस बात का महत्व समझाते हुए उन्हें प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि इस इंडक्शन ट्रेनिंग के माध्यम से नव नियुक्त शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की इस पहल के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आने वाले समय में 2016 से 2018 के दौरान चयनित शिक्षकों के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रोग्राम भी तैयार किया जाएगा। इस दौरान राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की उपायुक्त ज्योति और उप निदेशक उर्मिला चौधरी सहित अन्य अधिकारी और प्रतिभागी मौजूद रहे।

## जनता के मुद्दों पर लड़ा जाए आगामी लोकसभा चुनाव : सचिन पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस की राजस्थान इकाई के नेता सचिन पायलट ने शनिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव जनता से जुड़े मुद्दों पर लड़ा जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि उन्होंने पार्टी आलाकमान से चुनाव में नये व साफ छवि के लोगों को मौका देने का आग्रह किया है।



पायलट ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमारा 'इंडिया' गठबंधन मुद्दों पर राजनीति करना चाहता है और मैं चाहता हूं कि यह चुनाव मुद्दों पर लड़ा जाए।' उन्होंने कहा कि जनता की रोजमर्रा की जिंदगी में जो दिक्कत हैं, नौजवानों को हो रही तकलीफ के निराकरण को लेकर रोडमैप जैसे विषयों पर चर्चा होनी चाहिए। पायलट ने कहा कि दिल्ली में हाल ही में पार्टी की 'स्क्रीनिंग कमेटी' की बैठक में राज्य की 25 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों का पैनल तैयार किया गया है, जिसपर अंतिम निर्णय पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) करेगी और उम्मीद है कि जल्द ही इस बारे में फैसला कर लिया जाएगा। कांग्रेस नेता के अनुसार, 'मैंने पार्टी से लोकसभा चुनाव में नये व साफ छवि वाले चेहरों को मौका देने का आग्रह किया है, क्योंकि इससे अच्छा संदेश जाएगा।'




# महिला सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केन्द्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार तेजी से कार्य कर रही है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दिशा में लखपति दीदी जैसी महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत राजस्थान में भी 11.24 लाख महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को नागौर के मारवाड़ मूंडवा में वीर तेजा महिला शिक्षण एवं शोध संस्थान के वार्षिकोत्सव एवं कन्या छात्रावास भवन के शिलान्यास समारोह पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नारी शक्ति को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2 लाख नए महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाने और 28 लाख महिलाओं को महिला सशक्तिकरण क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से 1 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाने का कार्य किया जाएगा।

शिक्षा के उचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार छात्राओं को सह-शिक्षा महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक व अभियांत्रिकी महाविद्यालयों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुसार महिलाओं को 450 रुपए में सिलेण्डर भी दिया जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं एवं किसानों के कल्याण के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है। सरकार ने अपने पहले बजट 2024-25 (लेखानुदान) में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को देय वार्षिक वित्तीय सहायता 6 हजार से 8 हजार रुपए तक करने, 2023-24 में गेंहू के न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 125 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने सहित कृषक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर देने व उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए भी राज्य सरकार वृहद स्तर पर कार्य कर रही है। अब प्रदेश के गांव-ढाणी तक खेल सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा, ताकि प्रदेश की युवा प्रतिभाएं 2028 के ओलंपिक के लिए पूर्ण आत्मविश्वास के साथ तैयारी कर सकें।

मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वीर तेजा महिला शिक्षण एवं शोध संस्थान छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने में महती भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि यह संस्थान शैक्षिक, व्यावसायिक एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य कर रहा है। इस संस्थान में मेडिकल एजुकेशन पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के लिए विभाग की ओर से हरसंभव मदद की जाएगी।



# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'खेलो इंडिया' अभियान का संकल्प हो रहा साकार : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश के उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश की युवा प्रतिभाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित कर रही है। राज्य सरकार भी युवाओ को सभी प्रकार की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पबद्ध है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ शनिवार को भवानी निकेतन ग्राउंड में आईटी यूनियन राजस्थान द्वारा आयोजित 'राजस्थान आईटी गेम्स 2024' का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को उत्साहित और प्रेरित करती हैं और साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'खेलो इंडिया' अभियान के संकल्प को साकार करने में योगदान देती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा कही गई इस बात का भी उल्लेख किया कि खेलों में कोई हारता नहीं है। एक पक्ष जीतता है तथा दूसरा पक्ष सीखता है। खेल को खेल की भावना से खेल के मैदान पर खेलने से आपस में टीम भावना जागृत होती है तथा इसका कार्य क्षेत्र में भी लाभ होता है।

इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि यह देखना सुखद है कि विभाग के कार्मिक राजकीय कार्यों के निर्वहन के साथ ही खेलों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने खेलों को व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार बताया। विभाग के अतिक्ति निदेशक श्री संजय कार्णिक ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इससे पहले आईटी यूनियन राजस्थान के प्रेसिडेंट कपिल चौधरी ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतिभागी टीमों के साथ ही विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। पांच दिन तक चलने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों से 28 टीमों के लगभग 200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# दूध की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : कुमावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राजस्थान राज्य की सहकारी डेयरियों में उत्पादित सरस दूध की गुणवत्ता ही इसकी पहचान है और इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नव गठित सरकार की पहली प्राथमिकता राज्य भर की सहकारी डेयरियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान है और इसके लिए नई कल्याणकारी योजनाएं अमल में लाई जाएंगी। ग्रास रूट लेवल तक दुग्ध उत्पादकों को सहकारी डेयरियों से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे और अधिक से अधिक संख्या में नई प्राथमिक दंग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरस ब्रांड को न केवल राजस्थान बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी लोकप्रिय बनाने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाने चाहिए। मंत्री कुमावत शुक्रवार को सरस संकुल मुख्यालय में राज्य भर की सहकारी डेयरियों के निर्वाचित अध्यक्षों के साथ आयोजित परिचर्चा में डेयरी



अधिकारियों और निर्वाचित अध्यक्षों को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दूध और सरस ब्रांड के पशु आहार में किसी तरह की कोई मिलावट बरदाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए एक राज्यस्तरीय टास्क फोर्स का गठन कर मिलावटखोरी को रोकने के लिए एक अभियान चलाया जाना चाहिए। प्रदेश में दुग्ध उत्पादकों की समाजिक सुरक्षा अैर उने हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा वर्तमान में चल रही सुरक्षा योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। कुमावत ने कहा कि जिला दुग्ध संघों के निर्वाचित पदाधिकारीगण तथा डेयरी अधिकारियों में बेहतर समन्वय स्थापित किए जाने के प्रयास होने चाहिए ताकि इसका लाभ आम दंग्ध उत्पादकों को मिल सके। उन्होंने आसीडीएफ सहित सभी जिला दुग्ध संघों में मानव संसाधनों की कमी पर चिन्ता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 656 पदों पर तुरंत भर्ती किए जाने पर जोर दिया और शेष पदों के लिए एनडीडीबी की विशेषज्ञ सेवाएं लेने के निर्देश प्रदान किए।

परिचर्चा के दौरान प्रदेशभर से आए जिला दुग्ध संघों से आए जिला दुग्ध संघों के निर्वाचित अध्यक्षों ने राज्य में डेयरी विकास के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। और व्यावहारिक समस्याओं की ओर मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। पशुपालन मंत्री ने दुग्ध उत्पादकों को बकाया भुगतान करने हेतु राज्य सरकार की ओर से देय राशि के तुरंत भुगतान सहित अन्य समस्याओं के अतिशीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। परिचर्चा में भाग लेते हुए पशुपालन एवं गोपालन के प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले ने कहा कि राज्य में डेयरी की अपार संभावनाएं हैं। और इन संभावनाओं को तलाशने में सहाकरी डेयरियों के निर्वाचित अध्यक्षगणों की महती भूमिका है। उन्होंने खुशी जाहिर की कि राजस्थान ने दुग्ध उत्पादन में देश भर में पहला स्थान प्राप्त कर लिया है। उन्होंन आश्वस्त किया कि राज्य सरकार दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहेगी। डेयरी फेडरेशन की प्रबंध संचालक सुषमा अरोड़ा ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान आरसीडीएफ एवं जिला दुग्ध संघों द्वारा अर्जित उपलब्धियों को रेखांकित किया और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।

# पुष्कर मुनि का छह दिवसीय शताब्दी शिखर समारोह आज से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर।राजस्थान के उदयपुर में जैनाचार्य श्री देवेन्द्र मुनि शिक्षण एवं चिकित्सा शोध संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार से उपाध्याय पुष्कर मुनि का संयम शताब्दी शिखर समारोह एवं पुष्पवती का जन्म शताब्दी समारोह आयोजित किया जायेगा। ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व महापौर रजनी डांगी ने शनिवार को यहां पत्रकारों को बताया कि भुवाणा स्थित देवेन्द्र धाम में होने वाले छह दिवसीय समारोह में देशभर के सभी गुरू परिवारों द्वारा समारोह में सम्मिलित होंगें।

उन्होंने बताया कि महाश्रमण जिनेन्द्र मुनि, 'काव्य तीर्थ',तपस्वी रत्न प्रवीण मुनि, श्रमण संघीय सलाहकार दिनेश मुनि, पुष्पेन्द्र मुनि, महासती किरण प्रभाजी सहित अन्य महाराज की गौरवपूर्ण उपस्थिति इस सामारोह में होगी। उन्होंने बताया कि समारोह में विभिन्न गुरूओं द्वारा लिखित 10 पुस्तकों का विमोचन भी किया जायेगा।




# सिन्हा लाइब्रेरी के 100 वर्ष पूरे, पटना में विशेष डाक लिफाफा जारी किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** पटना के प्रसिद्ध सिन्हा लाइब्रेरी के 100 वर्ष शुक्रवार को पूरे हो गए, जहां देश-विदेश की कुछ दुर्लभ किताबों सहित लगभग 1.8 लाख पुस्तकों का समृद्ध संग्रह है।

इस पुस्तकालय के ऐतिहासिक सभागार में आयोजित एक समारोह में बिहार सर्कल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल, अनिल कुमार द्वारा ऐतिहासिक संस्थान के सौ वर्ष पूरे होने को रेखांकित करते हुए एक विशेष लिफाफा जारी किया गया। धरोहर भवन और कुछ दशक पहले बने उसके आधुनिक खंड को इस मौके पर सजाया गया है। बिहार की राजधानी पटना के मध्य स्थित, दो मंजिला पुरानी इमारत को आधिकारिक तौर पर 'श्रीमती राधिका सिन्हा संस्थान और सच्चिदानंद सिन्हा लाइब्रेरी' के रूप में स्थापित किया गया था, जिसे 'सिन्हा लाइब्रेरी' के नाम से जाना जाता है। संस्थान का नाम उनकी पत्नी के नाम पर रखा गया था।

सच्चिदानंद सिन्हा द्वारा स्थापित, पुस्तकालय का उद्घाटन 9 फरवरी, 1924 को बिहार और ओडिशा के तत्कालीन राज्यपाल सर हेनरी व्हीलर ने किया था। आधुनिक बिहार के निर्माताओं में शामिल सच्चिदानंद सिन्हा, भारत की संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष भी थे जब इसकी पहली बैठक 1946 में दिल्ली में हुई थी। यह पुस्तकालय श्रीमती राधिका सिन्हा संस्थान और सच्चिदानंद सिन्हा लाइब्रेरी ट्रस्ट द्वारा संचालित है। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील सुनील कुमार ने यहां 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पुस्तकालय में 1.8 लाख पुस्तकों और 1901 के बाद के कुछ सबसे पुराने समाचार पत्रों की प्रतियों का एक समृद्ध संग्रह है। आज एक ऐतिहासिक अवसर है और यह बिल्कुल उपयुक्त है कि इस प्रतिष्ठित संस्थान के शताब्दी वर्ष पर एक विशेष लिफाफा जारी किया गया है।

# दलित, ओबीसी और आदिवासी हमारी सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी : मोदी

## मोदी बोले, गरीब व्यक्ति के पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की है गारंटी




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**डीसा (गुजरात)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासियों को उनकी सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्ष में इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।

नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 1.3 लाख आवास के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद कहा कि किसी गरीब व्यक्ति के पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा, 1.3 लाख आवास के आंकड़े देखिए। यहां तक कि जब मैं पीएमएवाई के तहत राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में शामिल हुआ, मैंने इतना बड़ा आंकड़ा नहीं देखा। मैं गुजरात सरकार को बधाई देता हूं। किसी भी गरीब व्यक्ति के लिए उसके पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, हमारी सरकार की गरीब हितैषी योजना के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, ओबीसी और आदिवासी हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा केंद्र पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी की अनदेखी करने के आरोपों का जवाब देते हुए यह कहा।

मोदी ने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिलाएं विकसित भारत के स्तंभ हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 साल में उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।

# राम मंदिर निर्माण के साथ सुशासन और जन कल्याण के नए युग का आरंभ : लोकसभा अध्यक्ष बिरला



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने में अतुलनीय भूमिका निभाई और सदियों की तपस्या के बाद राम मंदिर निर्माण के साथ सुशासन और जन कल्याण के नए युग का आरंभ हुआ है।

अध्यक्ष ने सदन में नियम 193 के तहत 'श्रीराम मंदिर निर्माण और श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह' विषय पर हुई चर्चा के समापन पर राम मंदिर के संबंध में प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पर उनके भव्य, दिव्य मंदिर का निर्माण देश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उपलब्धि है। बिरला ने कहा, अयोध्या में जन-जन की भावनाओं का प्रतीक बने प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर से जुड़े इस प्रस्ताव को पारित करते हुए हम सभी बहुत गौरवान्वित हैं। हमें विश्वास है कि ये ऐतिहासिक उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को आशा, एकता और सामूहिकता के मूल्यों का संदेश देगी। हम सभी सांसद पूरी एकता, श्रद्धा और भक्तिभाव से इस अवसर पर देशवासियों के उल्लास और उमंग में शमिल हैं। साथ ही इस प्रस्ताव के जरिये हम सराहना करते हैं कि देश की विकास यात्रा में यह एक अविस्मरणीय चरण है जो भारत के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिरला ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति के कण-कण में श्रीराम, सीता और रामायण रचे बसे हैं। हमारे लोकतांत्रिक मूल्य और सभी के लिए न्याय को समर्पित संविधान रामराज्य के आदर्शों से प्रेरित रहा है और रामराज्य का आदर्श पूज्य बापू के भी हृदय में बसा था।



# 'निजी दुश्मनी के कारण हुए अपराधों को कानून-व्यवस्था की स्थिति से जोड़ना गलत'

**नासिक/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर विपक्षी दलों के आरोपों पर शनिवार को कहा कि हाल की गोलीबारी की घटनाएं आरोपियों और पीड़ितों के बीच व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण हुईं। पत्रकारों से फडणवीस ने कहा कि इन अपराधों में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फडणवीस के पास गृह विभाग का कार्यभार है। शिवसेना (यूबीटी) नेता अभिषेक घोसालकर की बृहस्पतिवार को 'फेसबुक लाइव' सत्र के दौरान मुंबई में गोली मारकर की गई हत्या के बाद विपक्षी दलों ने फडणवीस पर तीखा हमला किया है। पिछले हफ्ते भाजपा के एक विधायक ने कल्याण से एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक नेता पर गोली चला दी थी।

# 13 फरवरी से यूएई यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी अबू धाबी में करेंगे पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की दो दिवसीय यात्रा करेंगे, जिस दौरान वह राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ विभिन्न विषयों पर वार्ता करेंगे और अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि यह 2015 के बाद से प्रधानमंत्री की संयुक्त अरब अमीरात की सातवीं यात्रा होगी। इसमें कहा गया है कि मोदी और अल नाहयान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा, विस्तारित और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे और आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से भी मुलाकात करेंगे।

# सपा शासनकाल में 'विफल' राज्य रहा उत्तर प्रदेश, भाजपा शासनकाल में बना 'सुरक्षित' राज्य : योगी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बजट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) के शासनकाल में उत्तर प्रदेश एक 'विफल' राज्य था लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में प्रदेश एक सुरक्षित राज्य बन गया है।

योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत सिंह चौधरी की सपा से बढ़ती दूरियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि हम सोच रहे थे कि बजट भाषण में किसानों की बात आएगी तो अखिलेश चौधरी चरण सिंह का स्मरण करेंगे लेकिन उन्होंने नहीं किया। अखिलेश पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा, कोई इनके (सपा) साथ आने को तैयार नहीं है क्योंकि सबको मालूम है कि पता नहीं कब किसको धोखा दे दें। अखिलेश द्वारा बजट को 'बड़ा' और बेकार बताने की टिप्पणी पर योगी ने कहा, हो सकता है कि नेता प्रतिपक्ष को बजट के आकार को लेकर आपत्ति हो क्योंकि यह सबसे बड़ा बजट है।

योगी ने कहा कि इस वर्ष का बजट 2012 की तुलना में तीन गुना अधिक है। बजट का आकार बड़ा केवल व्यय की दृष्टि से नहीं बल्कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप है।

मुख्यमंत्री ने बजट की सराहना करते हुए कहा, यह बजट विकसित उप्र की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट बनेगा।

# त्रिपुरा में दंगे भड़काने के प्रयास किए जा रहे हैं : मुख्यमंत्री साहा



**अगरतला/भाषा।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शनिवार को कहा कि कुछ लोग भ्रामक स्थिति का फायदा उठाकर राज्य में दंगे भड़काने के प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का यह बयान राज्य के मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा की छात्र शाखा द्वारा सोमवार से अनिश्चितकालीन सड़क और रेल नाकाबंदी का आह्वान करने के एक दिन बाद आया है। पार्टी ने मांग की है कि कि छात्रों को उनकी 'कोकबोरोक' परीक्षा रोमन लिपि में देने की अनुमति दी जाए।

कोकबोरोक, त्रिपुरा के लगभग 24% लोगों द्वारा बोली जाने वाली एक देशज भाषा है, जिसकी कोई लिपि नहीं है। छात्र आम तौर पर बंगाली लिपि में इस भाषा की परीक्षा देते हैं। मुख्यमंत्री ने धलाई जिले के अंबासा में कार्यक्रम में कहा, त्रिपुरा में कानून-व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार हुआ है, जिससे तेजी से विकासात्मक गतिविधियों का मार्ग प्रशस्त हो रहा है, ऐसे समय में कुछ लोग शांतिपूर्ण राज्य में दंगा भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

# श्वेत पत्र वास्तविक सच्चाइयों को छिपाने और ध्यान भटकाने के लिए लाया गया : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र इस देश की वास्तविक सच्चाइयों को छिपाने और महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार द्वारा लाया गया है। सरकार द्वारा लाए गए श्वेत पत्र पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के सामने मौजूद मुद्दों से ध्यान भटकाने और अपने बचाव के लिए इसका इस्तेमाल किया है।

पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भारत रत्न सम्मान का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि इन लोगों को महत्वपूर्ण पदों पर कांग्रेस पार्टी ने ही नियुक्त किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ''भारत रत्न'' का उपयोग चुनाव और राजनीति के लिए करती है जबकि कांग्रेस ऐसा नहीं करती। वेणुगोपाल ने सवाल किया कि सरकार ने नोटबंदी के प्रभाव का जिक्र श्वेत पत्र में क्यों नहीं किया। भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र में बेरोजगारी दर, गरीबी और रुपए के मूल्य का भी कोई जिक्र क्यों नहीं है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दावा किया था कि इससे न सिर्फ काले धन और नकली नोट की समस्या का समाधान होगा बल्कि आतंकवाद पर भी काबू पाया जा सकेगा।

# तृणमूल नेता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन के कारण संदेशखाली में निषेधाज्ञा लागू



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में पुलिस ने निषेधाज्ञा लागू करते हुए इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी है। यहां स्थानीय महिलाओं ने फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रदर्शन के दूसरे दिन शुक्रवार को विरोध को तेज करते हुए महिलाओं ने हाथों में लाठी और झाड़ू लेकर संदेशखाली के विभिन्न इलाकों में जुलूस निकाला।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 लागू की गई है और उत्तर 24 परगना जिले के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। पिछले माह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम कथित राशन वितरण घोटाले में शाहजहां के आवास पर तलाशी लेने गई थी इस दौरान भीड़ ने उस पर हमला कर दिया था। इसके बाद से ही शाहजहां फरार है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां और उसके ''गिरोह'' ने जमीन के बड़े हिस्से पर जबरन कब्जा किया है। महिलाओं ने यौन उत्पीड़न किए जाने का भी आरोप लगाया है।

शाहजहां के समर्थक भी सड़कों पर उतर आए, जिससे तनाव और बढ़ गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि संदेशखाली में मानवाधिकारों का उल्लंघन किया गया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, संदेशखाली एक ऐसी जगह है जहां 'कानून का शासन' नहीं है, बल्कि शेख शाहजहां और उनके साथियों का 'राज' है।

# 'महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था ध्वस्त, भाजपा सरकार के तहत राज्य में 'गुंडाराज' फैल रहा'



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र में एक नेता की 'फेसबुक लाइव' के दौरान गोली मारकर हत्या और एक पत्रकार की कार पर हमले की घटनाओं का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था 'ध्वस्त' हो गई है तथा एकनाथ शिंदे नीत सरकार के तहत 'गुंडाराज' फैल रहा है। पुलिस के मुताबिक, शिवसेना (यूबीटी) नेता विनोद घोसालकर के बेटे एवं पूर्व पार्षद अभिषेक घोसालकर (40) की सामाजिक कार्यकर्ता मौरिस नोरोन्हा ने 'फेसबुक लाइव' के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी। बाद में, नोरोन्हा ने आत्महत्या कर ली। इससे पहले, भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने भूमि विवाद और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को लेकर दो फरवरी को उल्हासनगर के पुलिस थाने में एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के स्थानीय नेता को गोली मारकर घायल कर दिया था। इसके अलावा, पुणे में पत्रकार निखिल वागले की कार पर शुक्रवार को उस वक्त भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कथित तौर पर हमला किया गया, जब वह एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे।

# विश्वास मत से पहले जीतन राम मांझी ने राजग के पक्ष में व्हिप जारी किया



**पटना/भाषा।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने एक व्हिप जारी कर अपनी पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के विधायकों से 12 फरवरी को विश्वास मत के दौरान सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में मतदान करने के लिए कहा है। हम के संस्थापक ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के विधायक दल के नेता और बिहार के विपक्षी महागठबंधन की अहम शख्सियत महबूब आलम से मुलाकात के ठीक बाद यह व्हिप जारी किया। मांझी ने कहा, मेरी पार्टी के सभी चार विधायक नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के पक्ष में मतदान करेंगे। व्हिप की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन सुर्खियों और टीआरपी के पीछे भागने वालों द्वारा पैदा किए गए भ्रम को दूर करने के लिए यह जारी किया गया है। राजग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के पीछे एकजुट है। उन्होंने 2014 में सरकार की कमान सौंपे जाने के लिए जनता दल (यूनाइटेड) अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

# पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ज्योतिषी से मिलने के लिए हेलीकॉप्टर से यात्रा करते थे : असम के मंत्री



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने शनिवार को दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई अपने ज्योतिषी से मिलने के लिए सरकारी खर्च पर हेलीकॉप्टर में सवारी करते थे। हजारिका ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मुझे अच्छी तरह याद है कि कैसे दिवंगत तरुण गोगोई अपने ज्योतिषी से मिलने के लिए गुवाहाटी से जगीरोड, नलबाड़ी तक कई बार हेलीकॉप्टर से 50 किलोमीटर की यात्रा करते थे। कांग्रेस पार्टी ने कभी भी इन शुल्कों का भुगतान नहीं किया। हजारिका के पास संसदीय कार्य और सूचना एवं जनसंपर्क सहित कई विभाग हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद हजारिका भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के हेलीकॉप्टर इस्तेमाल पर स्थगन प्रस्ताव को लेकर लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई के नोटिस का जिक्र करते हुए मंत्री हजारिका ने कहा, यह मेरा अनुरोध है कि गौरव गोगोई अगली बार जब असम के मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर इस्तेमाल पर बोलें तो इस मामले को उठाएं। गौरव गोगोई लोकसभा में कलियाबोर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत तरुण गोगोई के बेटे हैं।



# लक्षद्वीप का विशेष उत्पाद 'नारियल गुड़' सबसे महंगे खाद्य पदार्थों में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिन्नाकारा/कवरत्ती (लक्षद्वीप)/भाषा।** यदि आप खूबसूरत पर्यटन स्थल लक्षद्वीप जाने की योजना बना रहे हैं तो यहां के खास व्यंजन नारियल गुड़ को चखना मत भूलिएगा जो बेहद लजीज और स्वास्थ्यवर्धक है।

विशेष तरीके से पकाए जाने और अत्यधिक मांग के कारण नारियल गुड़ का स्वाद चखना जेब पर हालांकि थोड़ा भारी पड़ता है।

तिन्नाकारा द्वीप पर एक छोटा सा रेस्तरां संचालित करने वाले सैफुल्ला ने कहा, 30 लीटर नारियल के रस को पकाकर गाढ़ा करने से हमें केवल 2.5 किलोग्राम गुड़ मिल सकता है, इसलिए यह बहुत महंगा है। इसकी कीमत 1,000 रुपए प्रति किलोग्राम है।

नारियल गुड़ की मांग इतनी अधिक है कि अगर किसी को यह विशेष गुड़ लेना है तो उसे पहले से इसके लिए ऑर्डर बुक कराना होता है। द्वीपवासियों का मानना है कि इस गुड़ को मधुमेह के मरीज भी खा सकते हैं और वे मिठाइयां या चाय बनाते समय इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

द्वीपवासियों ने कहा कि यह गुड़ लंबे समय तक खराब नहीं होता और इसे फ्रिज में नहीं रखा जाना चाहिए।

सैफुल्ला ने कहा, यह लक्षद्वीप का एक विशेष उत्पाद है। हम इसका खट्टापन दूर करने के लिए इसे पकाते समय समुद्र से एकत्र किए गए मूंगा पत्थरों का उपयोग करते हैं।

तिन्नाकारा में करीब 15 लोग ऐसे हैं जो केवल नारियल रस निकालने और उससे गुड़ बनाने का काम करते हैं। नारियल के रस को लगातार चार घंटे से अधिक समय तक उबालने पर नारियल गुड़ बनता है और इसका खट्टापन दूर करने के लिए इसे पकाते समय मूंगे के पत्थरों का उपयोग किया जाता है।

यह लक्षद्वीपवासियों का एक विशिष्ट उत्पाद है, जिसका उपयोग वे 'लक्षद्वीप हलवा' और अन्य मिठाइयां बनाने के लिए करते हैं।

# बिहार: विश्वास मत से पहले जदयू ने विधायकों को व्हिप जारी किया




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने शनिवार को कहा कि सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की नवगठित सरकार के विश्वास मत हासिल करने के दौरान पार्टी के सभी विधायकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए व्हिप जारी किया गया है। जदयू के मुख्य सचेतक श्रवण कुमार ने कहा कि व्हिप का उल्लंघन करने वाले अपनी सदस्यता खो देंगे इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह हर विधानसभा सत्र से पहले होने वाली नियमित प्रक्रिया होती है।

श्रवण कुमार ने यहां पत्रकारों से कहा, एक व्हिप जारी कर विधायकों को सदन में उपस्थित रहने और अवसर आने पर सरकार के पक्ष में मतदान करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि यह एक नियमित प्रक्रिया है, जो हम हर विधानसभा सत्र से पहले करते हैं। हालांकि राज्य के मंत्री श्रवण कुमार ने यह भी कहा, निःसंदेह, व्हिप की अवहेलना करने के परिणाम होते हैं। इससे संबंधित विधायकों को अपनी सदस्यता गंवानी पड़ सकती है। कुमार ने अपने आवास पर पार्टी विधायकों के लिए आयोजित दोपहर के भोज से इतर यह बात कही, जहां उपस्थित लोगों से हस्ताक्षर लिए गए। हालांकि कुछ विधायक अनुपस्थित रहे। उन्होंने कहा, हमारे कुछ विधायक खराब स्वास्थ्य के कारण नहीं आ सके। उन्होंने मुझे अपनी समस्या बताई है। उनमें से कुछ के कल आने की संभावना है जब मेरे मंत्रिमंडल सहयोगी संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार सिन्हा के आवास पर विधायक दल की बैठक होगी। इसके अलावा, सोमवार को बजट सत्र शुरू होने पर सभी सदन में होंगे। उन्होंने इन कयासों को भी खारिज कर दिया कि पार्टी के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोपहर के भोज के समय बहुत कम विधायकों को उपस्थित देखकर नाराज हो गए थे और गुस्से में मंत्री के आवास से चले गए थे।

श्रवण कुमार ने कहा, मुख्यमंत्री को कुछ कार्यक्रमों में जाना था। इसलिए, वह काफी पहले आ गए थे जब आगंतुकों का आना शुरू ही हुआ था। किसी भी तरह की गलतफहमी का कोई सवाल ही नहीं है। हमारी पार्टी में दरार और हमारे कुछ विधायकों के विपक्ष के संपर्क में होने की अफवाहें निराधार हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## सुविचार

धर्म कल्पना की चीज नहीं है, प्रत्यक्ष दर्शन की चीज है। जिसने एक भी महान आत्मा के दर्शन कर लिए वह अनेक पुस्तके पंडितों से बढ़कर है।

## ट्वीट

शेखावाटी के कण-कण में त्याग,तपस्या,मान-मर्यादा और वीरता की कहानी छुपी हुई है। झुंझुनूं जिले में स्थित्ङ्त कैरियर महाविद्यालय, दुराना में आज स्व. श्रीमती हरकोरी देवी एवं स्व. श्री नोरंगराम ढूकिया के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में चूरू विधायक श्री हरलाल सहारण जी के साथ सम्मिलित हुआ।

-राजेन्द्र सिंह राठौड़



अनेक पीढ़ियों ने एक संविधान के लिए सपना देखा था...लेकिन हर पल वो संविधान में एक दरार दिखाई देती थी, एक खाई नजर आती थी, एक रुकावट चुभती थी। लेकिन इसी सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, जिससे संविधान के पूर्ण रूप का, पूर्ण प्रकाश के साथ प्रकटीकरण हुआ।

-सीपी जोशी



## कहानी

मनमोहन भाटिया

# बडी दादी

धडाम...की आवाज के बाद कुछ पल की शान्ति और फिर उसके बाद जोर से रोने की आवाज आई। देवेन्द्र ने देविका को आवाज लगाई, देखना देवी, यह किसके गिरने की आवाज है। तभी रोने की आवाज और अधिक तेज हो गई। देख देवी कहीं शुभ तो नही रो रहा है, लगता है गिर गया है, कहां है, शुभ। देविका तुरन्त भागी। चार वर्ष का शुभ देवेन्द्र और देविका का प्यारा पोता बाथरूम में फिसल कर गिर गया था। रोते पौत्र को गोद में उठा कर देविका चुप कराने लगी। बेटे बाथरूम में धीरे धीरे जाते हैं, आप तेजी से भागते हुए गये होगे, तभी फिसल कर गिर गए न, कोई बात नही, कहीं भी चोट नहीं आई, मेरा बहादुर बेटा, कपडे गीले हो गए हैं, इनको जल्दी से बदलो, नही तो जुकाम लग जाएगा। दादी की गोद में दादी के प्यार के बाद शुभ चुप हो गया, फिर धीरे से गोद से उतर कर बहुत धीरे धीरे बाथरूम की ओर जाने लगा।शुभ इतना धीरे धीरे क्यों चल रहे हो, क्या दर्द हो रहा है।नहीं दादी, आपने कहा न, बाथरूम धीरे धीरे जाते हैं, इसलिए। बहुत जल्दी भूल जाती हैं आप। अभी तो आपने कहा था न। नन्हे पौत्र की शैतानी भरी बातें सुन कर देविका हंसने लगी। दादी हंस क्यों रही हो। बडी दादी की पिटाई करो। उसने मेरे को बाथरूम में गिराया है।

बड़ी दादी के बारे में ऐसा नहीं बोलते हैं। क्यों नहीं बोलते, अभी अभी ममता बाथरूम सुखा कर गई है। बडी दादी ने आगे बैठ कर शूशू किया है। बाथरूम का दरवाजा भी बंद नहीं करती। खुले बाथरूम में बैठ कर शूशू करती हैं। पॉट में भी नहीं बैठती हैं। बडी दादी शूशू करके निकली, मैं बाथरूम में शूशू पर फिसल गया। नन्हे शुभ के मुंह से सच्ची बात सुन कर देविका सन्न रह गई, यह सोच कर कांप गई, कि कहीं घर में महाभारत न छिड जाए। अगर बडी दादी अर्थात देवेन्द्र की मां और देविका की सास ने शुभ की बातें सुन ली, तो शत प्रतिशत घर में तीसरा विश्वयुद्ध तो किसी भी क्षण छिड सकता है। देवेन्द्र भी तब तक वहीं पहुंच गया। क्या हुआ, शुभ गिर गया, बहादुर बच्चे रोते नहीं हैं। देवेन्द्र ने शुभ को अपनी गोद में लिया और कमरे की तरफ प्रस्थान करने ही वाला था, कि जिस बात की आशंका देविका को थी, वही हो गई। बडी दादी ने शुभ की बात सुन ली थी, जो अभी ड्राईंग रूम में बैठी थी, वहीं से तेज स्वर में बोली, देखो कैसा जमाना आ गया है, छोटा, अभी छटांक भर का है नहीं, मेरे पर इल्जाम लगा रहा है, मैंने कब तेरे को धक्का दिया है। इतना सुन कर शुभ रोते हुए बोला, आपने शूशू किया है। आपके शूशू पर फिसल गया। कह कर और तेज स्वर में रोने लगा। हां-हां और चीख कर सच्चा बन, शूशू बाथरुम में नहीं करूंगी तो क्या तेरे मुंह में करूंगी। बडी दादी ने रौब से कहा। यह सुन कर देवेन्द्र और देविका सन्न रह गये कि मां आखिर क्या और क्यों शुभ को बोल रही है। वे दोनों जानते थे कि मां और बुर्जुगों की तरह इंगलिश पॉट का इस्तेमाल नही करती हैं और शू शू पॉट के बारह ही करती हैं। लेकिन छोटे शुभ ने पलटवार किया, शूशू पॉट में करते हैं।बडा आया पॉट वाला, बाथरूम में किया है, कौन सा तेरे मुंह में कर दिया, जो रोए जा रहा है, चुप कर छटांक।मां, क्या बोले जा रही हो, शुभ छोटा बच्चा है, बहस करने की कोई जरूरत नही है, आप चुप करो। देवेन्द्र ने मां को समझाते हुए कहा। मैं भी आपके मुंह मे शूशू करूंगा, तब आपको पता चलेगा, मुंह में कैसे शूशू करते हैं। शुभ बोल पड़ा। देख पिद्दी की हरकतें, कैसे मुझ बुड्डी से लड रहा है। और सिखाओ बच्चों को, बडों की बेइज्नती कैसे करते हैं। मां के लडाके तेवर देख कर देविका शुभ के साथ कमरे में चली गई। देवेन्द्र ने मां को कहा, देखो, हमने शुभ को कुछ नहीं सिखाया, आप शान्ति रखे। आप ने गलत शुरूआत की तो शुभ भी चुप नहीं रहा। आपको मालूम है, वह बहुत बातूनी है, हमसे भी सारा दिन प्रश्न पूछता रहता है। आपको ऐसा नहीं कहना चाहिए था, हम बड़े तो किसी बात पर चुप रह जाएगे, पर बच्चे कभी भी चुप नहीं रहते हैं, उलटा कुछ न कुछ जरूर बोलते हैं, बच्चों को सही बात समझा कर चुप कर सकते है, यदि गलत बात पर बच्चों से बहस करेंगें तो हम खुद बच्चों को गलत संस्कार देंगें। जैसा हम बोलेगें, वैसा ही बच्चे सीखेगें, बोलेगें, जवाब देगें। आखिर हमें देख कर ही बच्चे बढे होते हैं।

बच्चों को नकल करने की आदत होती है, तभी हम उन्हे नकलची बंदर कहते है। आपने जो कहा, वैसा ही उसने उलटा जवाब दिया। अरे तू एक पिद्दी को संभाल नहीं सकता, मैने पांच बच्चों को पैदा किया, पाल पोस के बडा किया, कह तो ऐसा रहा है, जैसे तुम पांचों बच्चे थे ही नहीं, बडे पैदा हुए थे। पांच भाई बहन तो हैं, लेकिन बनती किसी की नही है। जैसा तुम बहस कर रही हो, वैसा हम आपस में करते हैं।तू कहना क्या चाहता है, कि मैंनें तुमको गलत पाला। मां बात को समझो, आप की बहस करने की आदतें हम भाई बहनों में भी हैं। यही आदतें छोटे नन्हे शुभ में आ रही हैं। हमें बहस करता देख कर वह भी बहस करता है। देखा आपके साथ कैसे बहस कर रहा था। तू कहना क्या चाहता है, मैं गलत हूं, तुम सही हो। मैं आज की बात करता हूं, आज तो आपने गलत बात की है। मां तमतमा गई। अब तू मुझे सिखाएगा, मैं क्या बात करूं। उसको सिखाएगा, जिसने पाल पोस कर बडा किया। आज तू दादा बन गया तो यह मतलब नही कि मेरा दादा बन गया है। तेरी मां रहूंगी, बात करता है। अपनी मां की बेइज्नती करता है। कहते हुए मां घर के बाहर मेन गेट पर बैठ गई। बैठ कर शोर मचाने लगी।क्या जमाना आ गया है, अब मुझे दो चार साल के बच्चों से सीखना पढेगा, किससे क्या बात करूं। मेरा बेटा कहता है, मैं गलत हूं।

मां अर्थात बडी दादी के विलाप से गली की सफाई कर्मचारिनी, दो चार राहगीर और पडोसी जमा हो गए। उन्होंने तो केवल तमाशा देखना था। वे हां में हां मिलाते गए। घर के गेट पर शोरगुल सुन कर देवेन्द्र ने बाहर आ कर तमाशबीनों को हटने को कहा। जवाब में एक आदमी ने कमेन्ट कस दिया। बूढी मां को तंग करते हो, माफी मांग कर इज्नत से घर में ले जाओ, वरना एक फोन घुमाने की देर है, दर्जनों टीवी न्यूज चैनल वाले इक्कठे हो जाएगें। मिस्टर जेल की हवा खानी पड सकती है। इतना सुन कर देवेन्द्र का माथा थनका। सब तमाशबानों से हाथ जोड कर माफी मांगी और मां को मनाने में जुट गया। माफी मांगता देख मां के तेवर और तीखे हो गए। मां कभी गलत नही होती है, समझ ले। काफी ना नकुर के बाद मां घर के अंदर गई और तमाशबीनों की भीड छट गई।

देवेन्द्र एक हारे हुए जुआरी की तरह चुपचाप कमरे में आया, जहां देविका रो रही थी। नन्हा शुभ भोचक्का सा देविका की गोद में समहा सा गुमसुम चिपका था। गंभीर वातावरण को बदलने के लिए टीवी ऑन कर कार्टून चैनल लगाकर शुभ को अपनी गोद में लिया।शुभ उदास क्यों हो, देखो आपका प्यारा मनपसन्द कार्टून चैनल। देवेन्द्र ने नन्हे शुभ के गाल पर एक प्यारा सा चुंबन लेकर कहा.दादा, बडी दादी मेनगेट पर बैठ कर लडाई क्यों कर रही थी।आप इसको भूल जाओ और कार्टून चैनल देखो। देवेन्द्र ने शुभ को बहलाने की कोशिश की, लेकिन उसने फिर प्रश्न किया बताऔ न दादा, बडी दादी क्यों लडाई कर रही थी। बाहर लोग क्या कह रहे थे। नन्हे शुभ की भोली बाते सुन कर देविका ने कहा, आप जितना यत्न कर लें, एक छोटे बच्चे को बहका नही सकते हैं। मां की गलत बात पर क्यों परदा डाल रहे हैं।बात परदे की नही है, घर में शान्ति रखने की है। लडाई झगडे से बच्चों के नाजुक मस्तिषक पर गलत असर पडता है।क्या घर की शान्ति का सारा जिम्मा आपने ले रखा है, मां का कुछ दायित्व नही है, शान्ति बनाने में। एक छोटे नन्हे से बालक से ऐसे लड रही थी, जैसे कोई हमउम्र हो। बच्चे की सही बात भी नही मान रही थी। लड कर कोई मान मर्यादा बढ गया क्या। छोटे बच्चे को दुश्मन समझ कर लड रही थी। क्यों आप हमेशा मां से दब जाते हो। आपके दूसरे भाई बहन जमकर उलटे जवाब देते हैं।

मां की हिम्मत नहीं होती किसी से बहस करने की। भीगी बिल्ली की तरह उनके घर चुपचाप पडी रहती है। सारा भड़ास यहीं आप पर उतरती है। सारी उम्र मां की बातें को सहा है, अब छोटे बच्चे पर मां की भडास नही सह सकूंगी। क्यों नही बोलते मां को। दादा भीगी बिल्ली क्या होता है। बडी दादी बिल्ली क्यों बन जाती हैं। बताऔ दादा। भीगी बिल्ली एक मुहावरा है। मुहावरा क्या होता है। शुभ ने फिर से प्रश्न किया। दादा, पोता थोडी देर तक कार्टून चैनल देखते हुए बातें करते रहे। थोडी देर बाद शुभ को नींद आ गई, तो देवेन्द्र और देविका का वार्तालाप फिर शुरू हो गया। आप मां को समझाते क्यों नही हो, बच्चों से बहस जिद उचित तो है नही। तेरी बातें उचित हैं, समझाता बहुत हूं, लेकिन बुढापे में हर व्यक्ति समझने पर अपनी तौहीन मानता है। जब पूरी उम्र बच्चों पर अपनी मरजी चलाई, तो बच्चों की सही बात भी अखरती है। इसलिए हर घर में झगडे होते हैं, जिससे मैं कतराता हूं। आज भी मां को समझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन सामझने के बजाए गली में तमाशा खडा कर दिया, जिस कारण बिना किसी बात के तमाशबीनों से माफी मांगनी पडी।सब आप की कमजोरी है, मां को कुछ नही बोलते। हम अपने बच्चों पर खुद अपने व्यवहार को विरासत में देते हैं। जैसा हमारा व्यवहार, आदतें होती हैं, बच्चे उसी का अनुसरण करते हैं। मैंनें हमेशा कोशिश की है कि खुद अच्छा व्यवहार करूं ताकि हक से बच्चों को कह सकूं कि वे भी अच्छी आदतें अपनाए। अपने बच्चों को देख लो, प्रथम को कोई बुरी आदत नही है, बहू प्रतिमा को देखो, तुमहारा कितना मान सम्मान करती है। बहू कम और बेटी अधिक है। हम बच्चों का ध्यान और ख्याल रखेंगें तो उससे अधिक वो हमारा ध्यान और ख्याल रखेंगें। अब तुम खुद अपने बच्चों की तुलना मेरे भाई बहनों के बच्चों से कर सकती हो। मां बाप को गाली निकाल कर बात करते हैं, क्यों कि खुद मेरे भाई बहनों का उग्र स्वभाव है। विरासत में बच्चों को भी वही स्वभाव मिला।

जब बच्चे छोटे होते हैं, गाली निकालने, उनके झगडने पर हम खुश होते हैं, देखो पिट के नही आया, दूसरे बच्चों को पीट कर आया है। बुनियाद बचपन में ही पड जाती है। बडे हो कर झुकना, समझौता करना शानो शौकत के खिलाफ हो जाता है। मैं मानता हूं कि मां का स्वभाव उग्र है, जो गलत है। आज जो शुभ के साथ किया और मेनगेट पर बैठ कर तमाशा किया, बिल्कुल गलत है। यदि मां सिर्फ एक शब्द बोल देती कि शुभ आगे से ख्याल रखूंगी तो एक पल में बात समाप्त हो जाती। बच्चा भी खुश हो जाता और अच्छे संस्कारों के बीज पनपते। बुजुर्ग अपनी हठ नहीं छोडते, कि बच्चों से नीचा हो जाएंगें। अपने बच्चों से तालमेल ही बड़पन की निशानी है। इसी कारण अपना बेटा प्रथम कोई भी कार्य करने से पहले हमारे से सलाह लेता है और हम अपने अनुभवों के अनुसार उसका मार्ग दर्शन करते हैं।

**मां की हिम्मत नहीं होती किसी से बहस करने की। भीगी बिल्ली की तरह उनके घर चुपचाप पडी रहती है। सारा भड़ास यहीं आप पर उतरती है। सारी उम्र मां की बातें को सहा है, अब छोटे बच्चे पर मां की भडास नही सह सकूंगी। क्यों नही बोलते मां को। दादा भीगी बिल्ली क्या होता है। बडी दादी बिल्ली क्यों बन जाती हैं। बताऔ दादा। भीगी बिल्ली एक मुहावरा है। मुहावरा क्या होता है। शुभ ने फिर से प्रश्न किया। दादा, पोता थोडी देर तक कार्टून चैनल देखते हुए बातें करते रहे। थोडी देर बाद शुभ को नींद आ गई, तो देवेन्द्र और देविका का वार्तालाप फिर शुरू हो गया।**

जबकि मैं मां को कुछ भी नही बताता, क्योंकि उसकी आदत मीनमेंख निकालने की है, कि मेरे से पूछ के कोई काम करते हो, अब क्यों पूछ रहे हो। इसलिए न बताने पर ही भलाई है। दुनियादारी बडी कठिन है। जो भी कर लो, कोई खुश नही होता।हमने किसी का क्या करना है। अपने घर में शान्ति रहे, बस यही चाहा बै। देविका ने कहा, इसी बात की कोशिश करता हूं। एक कोशिश और करो, मां को कहो, कम से कम नन्ही जान शुभ को तो बक्श दे। उससे बहस न किया करे। क्या कसूर है शुभ का, जो अपनी भडास आज बच्चे पर निकाली है।देविका तेरे सामने ही बात बहुत शान्ति के साथ की थी, लेकिन खुद तुमने देखा कि गली में तमाशबीन एकत्रित कर लिए। मैं ऐसा मजबूर हुआ कि बिना गलती के माफी मांगनी पडी। और मांग भी क्या सकते हो। खाना, शुभ को भी भूख लगी होगी. कुछ बना दे, शान्ति के साथ भोजन करे। माताश्री से भी पूछ लो, नहीं तो फिर शुरू हो जाऐगी, बहुऐं सास को भूखा रखती हैं, किसी टीवी चैनल वाले को बुला लिया तो मुसीबत हो जाएगी।ठीक कहती हो, देविका। मैं तो हमेशा ठीक कहती हूं, लेकिन सुनता कौन है। मैं तो सुनता ही हूं।कहां सुनते हो, एक कान से सुन कर दूसरे से निकाल देते हो। सफल गृहस्थी के लिए सब कुछ करना पडता है।भारत में शरीफ पत्नियां होती हैं, अगर अमेरिका, यूरोप होता तो कब का तलाक हो जाता। सास की कोई नही सुनता है। सब अलग अलग रहते हैं।मैं कभी अमेरिका, यूरोप तो नही गया, लेकिन सुना है, वहां गृहस्थी नाम की कोई चीज ही नही होती है। छोटी सी बात पर तलाक हो जाते हैं। अखबार में पढा, कि एक बार तो शादी के कुछ घंटों बाद ही तलाक हो गया। भारत में खाना खाना है, या यूरोप जाना है। अपुन तो भारत में ही रह कर खुश हैं, जीवन के उतार चडाव, गृहस्थी के झमेलों में ही खुश हैं।देविका ने खाना परोसते हुए पूछा, ऐसा गृहस्थी में कब तक। अंतिम सांस तक, यही दुनिया है और गृहस्थी का सुख, आनन्द है। मिलजुल कर जिन्दगी के उतार चढाव सहना और जीना ही गृहस्थी की सफल कुंजी है, जिसका परम आनन्द और सुख केवल गृहस्थ इंसान ही प्राप्त करता है। जो डर कर भाग जाता है, शायद साधू बनता है। जो निडरता से सामना करता है, वही सच्चा गृहस्थ इंसान होता है। देवेन्द्र और देविका खाना खाते हुए बातें कर रहे थे, तभी शुभ की नींद खुली और भोलेपन से पूछा, दादा, बडी दादी क्यों लडाई कर रही थी। अब नहीं कर रही है, वो भी खाना खा रही है, आप भी खऔ।कौन सी सब्जी बनाई है। शुभ ने देविका की गोद में बैठते हुए पूछा।आपकी मनपसंद गाजर मटर शुभ देविका के हाथों खाना खा रहा था और देविका मन ही मन में सोच रही थी, मासूम बच्चों को भी बहलाया नहीं जा सकता। नींद से जागने के बाद भी सबसे पहले बड़ी दादी की लडाई के बारे में पूछा और बडी दादी है, कि बुजुर्ग हठ के कारण एक बार भी कोप भवन से बाहर आ कर नही पूछा, कि नन्हें बालक शुभ ने कुछ खाया भी है या नही। आखिर बुर्जुगों की बेकार हठ कब समाप्त होगी।

– 'हिन्दी समय' से आभार

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# शारदीयता

कुछ चिंतक भारतीय दर्शन को नमन का दर्शन कहते हैं जबकि यूरोपीय दर्शन को मनन का दर्शन निरूपित किया गया है। वस्तुतः मनुष्य में विद्यमान शारदीयता उसे सृष्टि की अद्भुत संरचना और चर या अचर हर घटक की अनन्य भूमिका के प्रति मनन हेतु प्रेरित करती है। यह मनन ज्यों-ज्यों आगे बढ़ता है, कृति और कर्ता के प्रति रोम-रोम में कृतज्ञता और अपूर्वता का भाव जगता है। इस भाव का उत्कर्ष है गदगद मनुष्य का नतमस्तक हो जाना, लघुता का प्रभुता को नमन करना।

मनन से आगे का चरण है नमन। नमन में समाविष्ट है मनन।

दर्शन चक्र में मनन और नमन अद्वैत हैं। दोनों में मूल शब्द है-मन। 'न' प्रत्यय के रूप में आता है तो मन 'मनन' करने लगता है। 'न' उपसर्ग बन कर जुड़ता है तो नमन का भाव जगता है।

मनन और नमन का एकाकार पतझड़ को वसंत की संभावना बनाता है।

मौसम तो वही था,
यह बात अलग है
तुमने एकटक निहारा
स्याह पतझड़,
मेरी आँखों ने चितेरे
रंग-बिरंगे वसंत,
बुजुर्ग कहते हैं-
देखने में और
दृष्टि में
अंतर होता है!

देखने को दृष्टि में बदल कर आनंदपथ का पथिक हो जाता है मनुष्य।

एक प्रसंग साझा करता हूँ। स्वामी विवेकानंद के प्रवचन और व्याख्यानों की धूम मची हुई थी। ऐसे ही एक प्रवचन को सुनने एक सुंदर युवा महिला आई। प्रवचन का प्रभाव अद्भुत रहा। तदुपरांत स्वामी जी को प्रणाम कर एक-एक श्रोता विदा लेने लगा। वह सुंदर महिला बैठी रही। स्वामी जी ने जानना चाहा कि वह क्यों ठहरी है? महिला ने उत्तर दिया,' एक इच्छा है, जिसकी पूर्ति केवल आप ही कर सकते हैं।' ..'बताइये, आपके लिए क्या कर सकता हूँ', स्वामी जी ने पूछा। ..'मैं, आपसे शादी करना चाहती हूँ।' ...स्वामी जी मुस्करा दिया ये। फिर पूछा, ' आप मुझसे विवाह क्यों करना चाहती हैं?'...कुछ समय चुप रहकर महिला बोली,' मेरी इच्छा है कि मेरा, आप जैसा एक पुत्र हो।'...स्वामी जी तुरंत महिला के चरणों में झुक गए और बोले, 'आजसे आप मेरी माता, मैं आपका पुत्र। मुझे पुत्र के रूप में स्वीकार कीजिए।'

देखने को दृष्टि में बदलने वाली शारदीयता हम सबमें सदा जाग्रत रहे। वसंत ऋतु की मंगलकामनाएँ।

## बोध कथा

# कुएं का पानी

एक किसान बहुत परेशान था। उसे अपने खेतों को सींचने के लिए पानी की जरूरत थी। इसलिए, वह कई दिनों से अपनी जमीन के आसपास किसी कुएं की तलाश कर रहा था। इसी तलाश में वह घूम ही रहा था कि अचानक उसे एक कुआं दिखा। यह कुआं उसके खेतों से बहुत नजदीक था। इसलिए, किसान बहुत खुश हुआ। उसने सोचा कि अब उसकी परेशानी खत्म हो गई। यह सोचकर वह खुशी-खुशी घर चला गया।

अगले दिन वह पानी लेने कुएं पर पहुंचा। जैसे ही उसने कुएं के नजदीक रखी बाल्टी कुएं में डाली, वहां एक आदमी आ धमका। वह किसान से बोला, यह कुआं मेरा है। तुम इससे पानी नहीं ले सकते। अगर तुम इस कुएं से पानी लेना चाहते हो, तो तुम्हें इस कुएं को खरीदना होगा।

यह बात सुनकर किसान कुछ देर रुका और फिर मन ही मन सोचने लगा कि अगर मैं इस कुएं को खरीद लूं, तो मुझे कभी पानी की कमी नहीं होगी और न ही मुझे पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ेगा। फिर क्या था, दोनों के बीच एक रकम तय हुई। किसान के पास उतने पैसे तो थे नहीं, लेकिन वह यह मौका छोड़ना नहीं चाहता था। इसलिए, किसान ने उस आदमी को अगले दिन वह रकम देने का वादा किया और घर की ओर चल दिया।

किसान के लिए कुआं खरीदने का यह अच्छा मौका था। इसलिए, वह इस काम में जरा भी देर नहीं करना चाहता था। घर पहुंचते ही उसने अपने करीबियों और दोस्तों से इस बारे में बात की और कुएं के लिए तय हुई रकम का इंतजाम करने में जुट गया। थोड़ी भागदौड़ और कोशिश के बाद आखिरकार उसने वह रकम जमा कर ली। अब वह पूरी तरह से निश्चिंत हो चुका था कि उसे कुआं खरीदने से कोई नहीं रोक सकता।

जमा हुए पैसों को लेकर वह फिर घर चल दिया। उसे बड़ी बेसब्री से इंतजार था कि कब रात खत्म होगी और वह कुआं खरीदने जाएगा। इसी सोच में वह पूरी रात सो नहीं सका। अगले दिन सुबह होते ही वह कुआं खरीदने निकल पड़ा। उस आदमी के घर पहुंच किसान ने उसके हाथ पर पैसे रखे और कुएं को खरीद लिया। अब तो कुआं किसान का हो गया था तो फिर उसने पानी निकालने में देर नहीं की। जैसे ही किसान ने कुएं से पानी निकालने के लिए बाल्टी उठाई, उस आदमी ने फिर बोला ठहरो, तुम इस कुएं से पानी नहीं निकाल सकते हो। मैंने तुम्हें कुआं बेचा है, कुएं का पानी अभी भी मेरा है। किसान मायूस हो गया और न्याय के लिए राजा के दरबार में शिकायत करने पहुंच गया।

मालूम है उस राजा का नाम क्या था? राजा अकबर। राजा अकबर ने उस किसान की पूरी कहानी सुनी और फिर उस आदमी को दरबार में बुलाया, जिसने वह कुआं बेचा था। राजा का फरमान सुनते ही वह आदमी भागा-भागा दरबार में हाजिर हो गया। राजा ने उससे पूछा, जब तुमने इस किसान को अपना कुआं बेच दिया, तो फिर इसे पानी क्यों नहीं लेने दे रहे हो।

आदमी बोला, महाराज मैंने इसे केवल कुआं बेचा था, पानी नहीं। यह बात सुनकर राजा भी सोच में पड़ गए। उन्होंने कहा कि बात तो यह पते की कह रहा है, कुआं बेचा है, पानी तो नहीं। काफी देर सोचने के बाद जब इस समस्या को सुलझाने में वह नाकाम हो गए, तो उन्होंने बीरबल को बुलाया। बीरबल बहुत ही बुद्धिमान था। इसलिए, राजा अकबर किसी भी मामले पर फैसला लेने से पहले उसकी राय जरूर लेते थे। बीरबल ने एक बार फिर दोनों से उनकी समस्या पूछी। पूरी बात जानने के बाद बीरबल ने उस आदमी से कहा ठीक है, तुमने कुआं बेचा पानी नहीं। फिर तुम्हारा पानी किसान के कुएं में क्या कर रहा है? कुआं तुम्हारा नहीं है, फौरन अपने पानी को कुएं से बाहर निकालो। बीरबल का इतना कहते ही, उस आदमी को समझ आ गया कि अब उसकी चालाकी किसी काम नहीं आने वाली। उसने राजा से फौरन माफी मांगी और माना कि कुएं के साथ उसके पानी पर भी किसान का पूरा अधिकार है। यह देखकर राजा अकबर ने बीरबल की बुद्धिमानी की तारीफ की और कुआं बेचने वाले आदमी पर धोखेबाजी के लिए जुर्माना लगाया।

### कहानी से सीख

किसान और कुएं की कहानी से पता चलता है कि अपने आपको दूसरे से अधिक चालाक नहीं समझना चाहिए। साथ ही धोखा देने की आदत से भी दूर रहना चाहिए, क्योंकि कोई ऐसा भी हो सकता है, जो आपसे भी अधिक बुद्धि का इस्तेमाल करना जानता हो। ऐसे में आपका धोखा पकड़ा जाएगा और आपको अपने किए का भुगतान करना होगा, जैसे इस कहानी के अंत में कुआं बेचने वाले आदमी को करना पड़ा।

## वीर गाथा

# मेजर मलकीत सिंह बराड़: देश की रक्षा, साथी जवानों की सुरक्षा करते हुए कायम की मिसाल

मेजर मलकीत सिंह बराड़ का जन्म पंजाब के फरीदकोट जिले के आलमवाला गांव में 15 अगस्त, 1918 को हुआ था। वे अपने पिता इंदर सिंह से बहुत प्रभावित थे, जो उन्हें वीरों और योद्धाओं की कथाएं सुनाते थे।


मलकीत सिंह ने लुधियाना से स्कूली शिक्षा और मोगा से कॉलेज शिक्षा प्राप्त की थी। उसके बाद वे भारतीय सेना में भर्ती हो गए। उन्हें जनवरी 1941 में बतौर सेकंड लेफ्टिनेंट कुमाऊं रेजिमेंट में शामिल किया गया था।

मेजर मलकीत फरवरी 1948 में अपनी यूनिट के साथ जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में तैनात थे। वहां पाकिस्तान की ओर से हमले किए जा रहे थे। मलकीत अपनी यूनिट की बी कंपनी के कमांडर थे। उनके नेतृत्व में साथी जवानों ने दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया और उसके कब्जे वाले काफी इलाके को अपने नियंत्रण में लेते हुए बढ़त बना ली थी।

सात फरवरी को सुबह लगभग 10.30 बजे दुश्मन ने लगभग 200 जवानों के साथ तीन तरफा हमला बोला। उसने भारी गोलाबारी की, जिससे फॉरवर्ड पोस्ट में तैनात भारत के कई जवान घायल तथा वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

अपने साथी जवानों को संकट में देखकर मेजर मलकीत ने बंदूक उठाई और उस पोस्ट की ओर बढ़े। उन्होंने दुश्मन की ओर तेजी से गोलीबारी की। इससे पाकिस्तानी टुकड़ी का आगे बढ़ना रुक गया। उसे लगा कि सामने से बड़ी संख्या में भारतीय सैनिक आ गए हैं।

इस दौरान मलकीत ने अपने घायल साथियों की मदद की। उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। यह सुनिश्चित किया कि कोई भी संवेदनशील सामान दुश्मन के हाथ न लगे। उन्होंने भारी गोलाबारी के बीच ज्यादातर घायल जवानों को फॉरवर्ड पोस्ट से निकाल लिया था। इसी दौरान एक बम उनके बहुत नजदीक आकर गिरा। उसमें धमाका हुआ, जिससे मलकीत गंभीर रूप से घायल हो गए। वे कुछ समय बाद वीरगति को प्राप्त हो गए। मेजर मलकीत सिंह बराड़ ने देश की रक्षा और साथी जवानों के जीवन की सुरक्षा करते हुए वीरता, धैर्य और बलिदान की अनुकरणीय मिसाल कायम की। उन्हें 'महावीर चक्र' से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

लोक नृत्य



नई दिल्ली में शनिवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आदि महोत्सव 2024 के उद्घाटन के अवसर पर प्रस्तुति देते लोक नर्तक।

# राम के बिना भारत की कल्पना नहीं, 22 जनवरी का दिन विश्वगुरु के रास्ते ले जाने वाला : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नयी दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लोकसभा में कहा कि राम के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती तथा 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का दिन भारत को विश्वगुरु बनने के मार्ग पर ले जाना वाला है। उन्होंने लोकसभा में शनिवार को नियम 193 के तहत 'ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने भारत के पंथनिरपेक्ष चरित्र को उजागर किया तथा दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जहां बहुसंख्यक समाज ने अपनी आस्था के निर्वहन के लिए इतनी लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है।

उन्होंने विपक्षी दलों का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा, हमारे गुजरात में एक कहावत है, हवन में हड्डी नहीं डालनी चाहिए। पूरा देश जब आनंद में डूबा है तो स्वागत कर लो, साथ में जुड़ जाओ। इससे देश का भला होगा और सभी का भला होगा। गृह मंत्री का कहना था कि 22 जनवरी का दिन इतिहास में 10 हजार साल तक याद रखा जाएगा। शाह ने कहा, मैं आज अपने मन की बात और देश की जनता की आवाज को इस सदन के सामने रखना चाहता हूं। जो वर्षों से कोर्ट के कागजों में दबी हुई थी। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उसे आवाज भी मिली और अभिव्यक्ति भी मिली। उनका कहना था कि सदन में आजादी के बाद जो महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं उनमें एक यह रामजन्म भूमि से संबंधित प्रस्ताव है।

गृह मंत्री ने कहा, 22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है। जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वो अपने अस्तित्व को खो देते हैं। उनके अनुसार, 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है और 1528 से शुरू हुई न्याय की लड़ाई, इस दिन समाप्त हुई। शाह ने कहा, 22 जनवरी का दिन करोड़ों भक्तों की आशा, आकांक्षा और सिद्धि का दिन है। ये दिन समग्र भारत की आध्यात्मिक चेतना का दिन बन चुका है। उन्होंने कहा, 22 जनवरी का दिन महान भारत की यात्रा की शुरुआत का दिन है। ये दिन मां भारती के विश्व गुरु के मार्ग पर ले जाने को प्रशस्त करने वाला दिन है।

उनके अनुसार, उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने दुनिया में भारत के पंथनिरपेक्ष चरित्र को उजागर किया। दुनिया में कोई ऐसा भी देश नहीं है जहां बहुसंख्यक समाज ने अपनी आस्था का निर्वहन के लिए इतनी लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है। गृह मंत्री ने कहा कि इस देश की कल्पना राम और रामचरितमानस के बिना नहीं की जा सकती तथा राम का चरित्र और राम इस देश के जनमानस का प्राण हैं। गृह मंत्री का कहना था, जो लोग राम के अलावा भारत की कल्पना करते हैं वो भारत को नहीं जानते और वो गुलामी के काल का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके मुताबिक, राम राज्य किसी एक धर्म और संप्रदाय के लिए नहीं है, यह एक आदर्श राज्य का प्रतीक है।

उन्होंने कहा, राम और राम के चरित्र को फिर से प्रतिस्थापित करने का काम मोदी जी के हाथ से हुआ है। शाह ने कहा, कई भाषाओं, कई प्रदेशों और कई प्रकार के धर्मों में भी रामायण का जिक्र, रामायण का अनुवाद और रामायण की परंपराओं को आधार बनाने का काम हुआ है।

गृह मंत्री ने इस बात का उल्लेख किया, भारत की संस्कृति और रामायण को अलग करके देखा ही नहीं जा सकता। कई भाषाओं, कई प्रदेशों और कई प्रकार के धर्मों में भी रामायण का जिक्र, रामायण का अनुवाद और रामायण की परंपराओं को आधार बनाने का काम हुआ है। शाह ने कहा, जब राम मंदिर निर्माण के लिए न्यायालय का निर्णय आया तब कई लोग अनुमान लगा रहे थे कि इस देश में रक्तपात हो जाएगा, दंगे हो जाएंगे। मगर मैं आज इस सदन में कहना चाहता हूं कि ये भाजपा की सरकार है, नरेन्द्र मोदी जी इस देश के प्रधानमंत्री हैं।

गृह मंत्री ने कहा, 1990 में जब ये आंदोलन ने गति पकड़ी उससे पहले से ही ये भाजपा का देश के लोगों से वादा था। हमने पालमपुर कार्यकारिणी में प्रस्ताव पारित करके कहा था कि राम मंदिर निर्माण को धर्म के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, ये देश की चेतना के पुनर्जागरण का आंदोलन है। इसलिए हम राम जन्मभूमि को कानूनी रूप से मुक्त कराकर वहां पर राम मंदिर की स्थापना करेंगे। शाह ने कहा, हम 1996 से कह रहे हैं कि संवैधानिक तरीके से भव्य राम मंदिर बनना चाहिए। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा, क्या पांच न्यायाधीशों से आदेश से वास्ता रखते हो या नहीं रखते, संविधान से वास्ता रखते हो या नहीं रखते? गृह मंत्री ने किसी का नाम लिये बिना कहा, निर्णय पसंद का हो तो स्वीकार कर लेते हैं और कोई निर्णय पसंद नहीं आए तो उच्चतम न्यायालय को बुरा-भला कहना है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री ने 11 दिनों तक कठोर अनुष्ठान किया।

शाह ने कहा, अध्योध्या में राम मंदिर धर्मांधता के सामने आध्यामिकता और भक्ति की विजय, भारत के गौरवमयी युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा, 10 साल के कार्यकाल में कई पड़ाव आए हैं। इनके (कांग्रेस) द्वारा छोड़े गए गड्ढे भरकर नए भारत की इमारत बनाना, राम मंदिर की यात्रा से कम नहीं है। गृह मंत्री का कहना था कि कभी नीतिगत पंगुता वाली अर्थव्यवस्था कहलाने वाला भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

## पाकिस्तान चुनावः स्वतंत्र पर्यवेक्षक संस्था ने चुनाव प्रक्रिया के स्याह पहलुओं को उजागर किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। पाकिस्तान चुनावों की निगरानी करने वाली एक स्वतंत्र संस्था ने हाल में संपन्न हुए आम चुनावों से संबंधित स्याह पहलुओं पर प्रकाश डाला, जिनमें 29 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर पर्यवेक्षकों को फॉर्म 45 प्रदान करने में पीठासीन अधिकारियों की विफलता का भी उल्लेख है। 'फॉर्म 45' को आमतौर पर 'गणना का परिणाम' फॉर्म के रूप में जाना जाता है। यह फॉर्म पाकिस्तानी चुनावी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण रिकॉर्ड है जिसका उद्देश्य किसी विशेष मतदान स्थल पर मतदान प्रक्रिया के परिणामों का दस्तावेजीकरण और खुलासा करके जवाबदेही को बनाए रखना है।

'फ्री एंड फेयर इलेक्शन नेटवर्क' (एफएएफईएन) की प्रवक्ता मसर्रत कादिम ने संवाददाता सम्मेलन में चुनाव पर प्रारंभिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, 29 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर आवश्यकतानुसार फॉर्म 45 की प्रतियां प्रदर्शित करने में विफलता एक बड़ी गलती थी।

कादिम ने चुनाव परिणाम जारी करने में देरी और चुनाव के दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं को स्थगित रखे जाने की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि चुनाव के बारे में शिकायतों का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग को उम्मीदवारों की शिकायतों का तुरंत समाधान करना चाहिए क्योंकि चुनावी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए समय पर समाधान महत्वपूर्ण है। कादिम ने बताया कि मतदान 48 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों के बावजूद, आठ फरवरी के चुनावों में पांच करोड़ से अधिक मतदाताओं ने भाग लिया।



## 'क्रैक' का प्रमोशन करती नजर आईं एमी जैक्सन

मुंबई/एजेन्सी

विद्युत जामवाल अभिनीत फिल्म 'क्रैक-जीतेगा तो जिएगा' में अभिनय करने वाली अभिनेत्री एमी जैक्सन फिल्म प्रमोशन के लिए लंदन से वापस आ गई हैं, उन्हें पैपराजी के लिए पोज देते हुए देखा गया। 'गॉसिप गर्ल' स्टार एड वेस्टविक से सगाई करने वाली अभिनेत्री को मुंबई के अंधेरी में देखा गया, जहां वह प्लंजिंग नेकलाइन और हाई स्लिट वाले आउटफिट में दिख रही हैं। उन्हें पत्रकारों के लिए पोज देते हुए देखा जा सकता है। अपने लुक को पूरा करने के लिए एमी ने काले धूप के चश्मे के साथ क्लासिक लुक चुना और अपने बालों को एक जूड़े में बांधाा।

'क्रैक- जीतेगा तो जिएगा' में एमी एक ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी, जिसका मुख्य मकसद घातक गेम 'मैदान' को रोकना है। गेम मास्टर अर्जुन रामपाल हैं, जिन्होंने गेम के लिए नियम निर्धारित किया है जो 'जीतेगा तो जीएगा' है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 फरवरी को रिलीज होगी। इसमें नोरा फतेही भी हैं।



## 5 जुलाई को प्रदर्शित होगी करण जौहर की फिल्म 'किल'

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म निर्माता करण जौहर की आगामी प्रोडक्शन, 'किल' आखिरकार 5 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। निखिल नागेश भट द्वारा निर्देशित फिल्म का प्रीमियर प्रतिष्ठित 48वें टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 में हुआ, जहां इसे सकारात्मक समीक्षा मिली। 9 फरवरी को निर्माताओं ने इसकी घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया पर एक पोस्टर साझा किया। करण जौहर ने हाल ही में 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से बतौर निर्देशक वापसी की है। वह अपने अगले प्रोडक्शन 'किल' के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म एक बेहतरीन एक्शन थ्रिलर है, जिसमें नवागंतुक लक्ष्य के साथ-साथ राघव जुयाल और तान्या मानिकतला भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। किल भारत में 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया, ''सभी जीवन भर की ट्रेन यात्रा के लिए तैयार हैं।''

कई मार्शल आर्ट और भयानक एक्शन दृश्यों से भरपूर, यह फिल्म दो स्टार-पार प्रेमियों - तूलिका (तान्या मानिकतला) और अमृत (लक्ष्य) के बारे में है - जो अपने रोमांस को खतरे में पाते हैं जब तूलिका के परिवार ने उन्हें नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस में बैठा दिया।

अमृत और उसका साथी कमांडो दोस्त वीरेश फिर एक रोमांटिक बचाव मिशन पर निकलते हैं, जो तब गड़बड़ा जाता है जब ट्रेन पर अचानक डाकुओं के एक गिरोह का हमला हो जाता है। 'किल' को करण जौहर के साथ-साथ धर्मा प्रोडक्शंस के सीईओ अपूर्व मेहता और सिख्या एंटरटेनमेंट के ऑस्कर विजेता निर्माता गुनीत मोंगा ने निर्मित किया है। 'किल' 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल में भर्ती

कोलकाता/वार्ता



मशहूर अभिनेता एवं भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) नेता मिथुन चक्रवर्ती को शनिवार को यहां ईएम बाईपास स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। तृणमूल कांग्रेस विधायक एवं फिल्म अभिनेता सोहम चक्रवर्ती ने यह जानकारी दी। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि 73 वर्षीय मैटिनी आइडल मिथुन को सीने में दर्द के साथ-साथ सिरदर्द की शिकायत के बाद यहां भर्ती कराया गया है। मिथुन को सुबह करीब 10.30 बजे विशेष निजी चिकित्सा सुविधा में ले जाया गया। आज सुबह उन्होंने बेचैनी के साथ-साथ चक्कर आने की शिकायत की। सूत्रों ने बताया कि फिल्म दिग्गज का कुछ महीनों से इलाज भी चल रहा था। उनकी एमआरआई रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। एक डॉक्टर ने कहा,वह (मिथुन) फिलहाल आईटीयू में एक न्यूरोमेडिसिन विशेषज्ञ की देखरेख में हैं। सूत्रों के मुताबिक मिथुन मोशन पिक्चर 'शास्त्री' की शूटिंग के दौरान बीमार पड़ गए।

## मां की भक्ति में लीन दिखीं देवोलीना भट्टाचार्जी, कामाख्या मंदिर में किए दर्शन

मुंबई/एजेन्सी



साथ निभाना साथिया फेम एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर में आशीर्वाद मांगा और नीलाचल पहाड़ियों पर स्थित मंदिर की अपनी पवित्र यात्रा की तस्वीरें साझा की। फोटो-शेयरिंग एप्लिकेशन इंस्टाग्राम पर देवोलीना ने मंदिर की अपना तस्वीरें साझा की। मंदिर के सामने पोज देते हुए, देवोलीना को येलो कलर के सलवार सूट और बेज कलर का कोट पहने देखा जा सकता है। उन्होंने नो मेकअप लुक चुना और अपने बालों को खुला रखा। उनके माथे पर टीका लगा हुआ है और हाथ में लाल चुनरी है। उनके गले में एक छोटी सी माला भी है। पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, मां कामाख्या कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 13वें, 14वें और 15वें सीजन की कंटेस्टेंट रहीं देवोलीना आखिरी बार शो 'दिल दियां गल्लां' में नजर आई थीं। शो में कावेरी प्रियम, पारस अरोड़ा और देवोलीना लीड रोल में थे। एक्ट्रेस ने वेब सीरीज 'फर्स्ट सेकेंड चांस' में भी अभिनय किया।

## खतरनाक स्टंट करने के चलते रेलवे पुलिस ने एक्टर विद्युत जामवाल को लिया हिरासत में

मुंबई/एजेन्सी



मुंबई में बॉलीवुड एक्शन स्टार विद्युत जामवाल को शनिवार को कथित तौर पर जोखिम भरे स्टंट करने के चलते रेलवे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हेलो मुंबई न्यूज़ डॉट कॉम वेबसाइट पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के बांद्रा ऑफिस में जामवाल की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह पुलिस स्टेशन में बैठे नजर आ रहे है। वेबसाइट के मुताबिक, आरपीएफ ऑफिस बांद्रा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्थित है। सूत्रों के मुताबिक, एक्टर को कथित तौर पर जोखिम भरे स्टंट करने के चलते हिरासत में लिया गया था, लेकिन अभी तक आरोप की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## 22 जनवरी को सहस्रों शताब्दियों तक याद रखा जाएगाः नड्डा



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि जिस दिन अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई वह देश के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण का दिन है जिसे सहस्त्रों शताब्दियों तक याद रखा जाएगा। 'श्रीराम के ऐतिहासिक मंदिर निर्माण और श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर राज्यसभा में चर्चा में हिस्सा लेते हुए नड्डा ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी के लिए यह कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं था और उसके कभी इसका राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश नहीं की। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यक्रम बना दिए जाने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए हुआ कि वह पार्टी का अध्यक्ष होने के बावजूद उस समारोह का हिस्सा नहीं बन सके थे। उन्होंने उन पर तंज कसते हुए कहा, राम नाम कड़वा लागे, मीठा लागे दाम। दुविधा में दोनों गए, ना माया मिली ना राम। जोर से बोलो 'जय सियाराम'।

## फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू

मुंबई/वार्ता




भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अंजना सिंह की आने वाली फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू हो गयी है। राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ठाकुरगंज का भव्य मुहूर्त संपन्न हो गया। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है। इस फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में अंजना सिंह है और उनके अपोजिट राहुल सिंह नजर आने वाले हैं। फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा ने कहा कि ठाकुरगंज एक बेहतरीन पटकथा पर आधारित सिनेमा है जो भोजपुरी दर्शकों को रोमांच की नई यात्रा पर ले जाएगी। फिल्म की कहानी घर परिवार से है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होगी। हम इस फिल्म का निर्माण भव्यता के साथ कर रहे हैं और इस फिल्म का बजट भी रूटिंन फिल्मों से ज्यादा है। फिल्म की बागडोर नीरज रणधीर के हाथों है, जो एक काबिल निर्देशक है और हमें उम्मीद है कि उनके निर्देशन में यह फिल्म अच्छा बनकर आएगी।

वही फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन मौका है जिसमें एक शानदार पटकथा पर बनने वाली फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में मेरा किरदार सर्वोपरि है और मैं इसे पूरी तरह से जीना चाहती हूं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है और मैं अपने किरदार को जीवंत करने के लिए भरपूर मेहनत कर रही हूं। फिल्म ठाकुरगंज की पूरी कास्ट एंड क्रु एक टीम वर्क के तहत फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। उम्मीद है कि जब यह फिल्म रिलीज होगी तब यह दर्शकों को खूब पसंद आएगी। अंजना सिंह भोजपुरी की ऐसी अभिनेत्री हैं जो अपने बल पर फिल्म को सफल बनाने का माद्दा रखती हैं। फिल्म ठाकुरगंज में कार्यकारी निर्माता के रूप में कुणाल ठाकुर और सोनू कुमार चौधरी हैं। फिल्म में अंजना सिंह और राहुल सिंह के अलावा सुशील सिंह,परी सिंघानिया, रितु सिंह, अंजलि, माही खान, मनीष आनंद सिद्धांत सिंह, प्रदीप शर्मा, प्रभु, सुनील सिंह, कुणाल ठाकुर, परितोष और सोनू यादव मुख्य भूमिका में हैं।

बातचीत



नई दिल्ली में प्रमुख नेता टी आर बालू शनिवार को नई दिल्ली में संसद भवन में पार्टी सांसदों के साथ पत्रकारों से बात करते हुए।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।

## श्रीराम कथा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





चेन्नई में सामाजिक संस्थान ब्रह्मवृक्षम द्वारा एसपीआर सिटी सभागार में श्री राम कथा के आयोजन के चौथे दिन शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। कथा में श्रीराम जन्म और रामजानकी मिलन एवं विवाह से जुड़े प्रसंगों को कथा वाचक संजय महाराज ने संगीतमय सुमधुर ध्वनियों के साथ वर्णन किया। 7 फरवरी से शुरु हुई इस कथा का समापन 13 फरवरी को होगा।

# छह दिवसीय एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर का हुआ शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां श्री माहेश्वरी सभा व मद्रास माहेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर स्थानीय साहूकारपेट स्थित माहेश्वरी भवन में शनिवार को सुबह 9 बजे शुरु हुआ। इस शिविर में सेवार्थी संस्था डा. राममनोहर लोहिया आरोग्य जीवन संस्थान, हनुमानगढ़ के योग्य थैरेपिस्ट रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में उनकी टीम उपचार सेवाएं देगी।

माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष डॉ अशोक मूंधड़ा, मद्रास माहेश्वरी चैरिटेबल के प्रबंध न्यासी अशोक लखोटिया, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष प्रमोद मालपानी, कार्यक्रम संयोजक बंसीधर सारडा, सुरेश भट्टर, ममता बागड़ी की उपस्थिति में भगवान महेश की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया गया।

माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष अशोक मूंदड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम संयोजक बंशीधर सारडा ने अपनी पूरी रिपोर्ट सदन में पेश की। उन्होंने बताया कि आज क़रीब 200 लोगों ने शिविर का लाभ लिया। आगे इसकी संख्या बढ़ेगी। ममता बगड़ी ने सदन में मुख्य थेरापिस्ट रविंद्र कुमार का परिचय सदन में बताया। सभी की उपस्थिति में रविन्द्र कुमार का शॉल ओढाकर सम्मान किया गया।

सचिव संजय मूँदडा ने बताया कि शिविर का रोज़ाना समय सुबह 9 से 1 बजे तक तथा सायं 4 से 8 बजे तक रहेगा। इस मौके पर माहेश्वरी क्लब के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।





# कृत्रिम अंग वितरण के लिए माप शिविर का आयोजन

## 10 मार्च वितरित होंगे कृत्रिम अंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां एससी अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंग वितरण शिविर के पूर्व जरूरतमंदों के जरूरत के हिसाब से माप शिविर का आयोजन 10 फरवरी को किया गया। यहां डीजी वैष्णव कॉलेज परिवार में सामाजिक संस्था तमिलनाडु मारवाड़ी सम्मेलन चेन्नई के आयोजन की मेजबानी की। डीजी वैष्णव कॉलेज ने परिसर के साथ सुबह नाश्ता और भोजन की व्यवस्था की। कॉलेज के एनएसएस विंग के कार्यकर्ताओं ने सेवाएं दी। 42 दिव्यांगों ने शिविर में भाग लिया। कृत्रिम अंग व अन्य जरूरत के साधन 10 मार्च को नि:शुल्क एससी अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी संयाजेक संजीव अग्रवाल ने दी।



# राजपुरोहित ट्रस्ट के रजत जयंती महोत्सव की पत्रिका का हुआ विमोचन

## 24 फरवरी को होगा रजत जयंती महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री राजपुरोहित ट्रस्ट के तत्वावधान में खेतेश्वर भवन मंदिर के 25वां वार्षिक महोत्सव के रजत जयंती समारोह की पत्रिका का विमोचन किया गया। ट्रस्ट के उपचेयरमैन हंसराज कैलाशनगर ने बताया कि 25वां रजत जयंती महोत्सव आगामी 24 फरवरी को गुजरात के रविधाम आश्रम के गादीपति श्री सत्यानंदजी महाराज के सान्निध्य में मनाया जाएगा। इस संबंध में रथ यात्रा एवं 26वें वार्षिक उत्सव के लेकर रविवार 11 फरवरी को शाम 6 बजे चढावें बोले जाएंगे। 23 फरवरी को सुबह गुरुदेव का आगमन होगा।

शनिवार को ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हरिशंकर रेवतड़ा की अध्यक्षता में पत्रिका का विमोचन किया गया। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के वार्षिकोत्सव को लेकर पूरी टीम समय समय पर बैठकें आयोजित कर रही है और सभी को व्यवस्थाओं की जबावदारी सौंपी गई हैं। इस मौके पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष भवरसिंह बासड़ाधनजी, उप कोषाध्यक्ष दशरथ सिंह साकरणा, उप मेनेजिंग ट्रस्टी करणराज सियाणा, ट्रस्टी हरिसिंह नून, पदमाराम मवड़ी, कालूराम मुदतरासिली, गिरधारीलाल कालन्द्री आदि उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## सहयोग

मैसूरु के हैल्पिंग हैंड्स महिला मंडल व यूथ विंग की ओर से यादवगिरी स्थित माध्यमिक व उच्च प्राथमिक विधालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बैग व पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर योजना चेयरपर्सन सीमा बोहरा,बिंदु बाघमार, इंद्रा खाबिया, सोनल चौपड़ा, आशा बोहरा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।















# मागड़ी रोड सुमतिनाथ जैन मंदिर सह दादावाड़ी प्राण प्रतिष्ठा व भागवती दीक्षा आज

- परमात्मा के दीक्षा कल्याणक व मुमुक्षु के वर्षीदान के वरघोड़े में उमड़े श्रद्धालु
- प्रतिष्ठा संबंधी विभिन्न चढ़ावों में श्रद्धालुओं का दिखा उत्साह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में सुमतिनाथ जिनालय सह दादावाड़ी, गुरु मंदिर अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व भागवती दीक्षा महोत्सव प्रतिष्ठा निश्रादाता खरतरगच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीजी व आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में छठे दिन सुबह मंदिर में देवी पूजन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए। मंदिर में रोहित गुरुजी ने विभिन्न पूजा अनुष्ठानों का विधि विधान कराया। सुबह परमात्मा का दीक्षा कल्याणक व मुमुक्षु शोभा कोटाड़िया का वर्षीदान का वरघोड़ा निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालुओं के साथ युवा वर्ग उपस्थित था। वरघोड़े में सबसे आगे जैन ध्वज तथा अश्व बग्गियों में प्रभु प्रतिमा लिए श्रद्धालु चल रहे थे। मध्य में आचार्य, साधु साध्वियां चल रही थीं और श्वेत वस्त्रों में शांति का संदेश दे रहे थे। संतों के साथ पुरुष श्रद्धालु व साध्वियों के साथ महिला श्रद्धालु वरघोड़े की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा में विभिन्न लोककलाकार व जैन बैंड मुख्य आकर्षण का केन्द्र थे। एक बग्गी में मुमुक्षु शोभा कोटड़िया वर्षीदान करते हुए जिनशासन की ध्वजा लहरा रही थी। मागड़ी रोड के दोनों ओर श्रद्धालुओं ने खड़े होकर वरघोड़े का स्वागत किया तथा पूरी क्षेत्र का माहौल धर्ममय बना हुआ था। वरघोड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर मागड़ी रोड मुख्य मार्ग से होते हुए कौशल्यानगरी में एक धर्मसभा में परिवर्तित हो गया।

कौशल्या नगरी में संतों के प्रवेश के बाद प्रभु प्रतिमा व मुमुक्षु संयम की छाब के सात नाचते गाते पहुंचे तथा विधिकारकों ने विधिविधान से प्रभु प्रतिमा को स्थापित किया। इस मौके पर आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी ने दीक्षा कल्याणक के बारे में बताते हुए कहा कि वैसे तो प्रभु के सभी कल्याणक मंगलकारी है परन्तु दीक्षा कल्याणक रोम रोम से निहारने व समझने का कल्याणक है। हमें भगवान को अपने जीवन में धारण करना चाहिए और भगवान को जीना चाहिए। प्रभु के जीवन को अपने जीवन में उतारना चाहिए। किसी भी व्यक्ति के जीवन में दीक्षा लेना जरुरी है क्योंकि दीक्षा के बाद ही केवलज्ञान प्राप्त हो सकता है। दीक्षा लेने पर ही संयम के प्रभाव से प्रभु का दर्शन व अनुभव संभव है। आचार्यश्री ने बताया कि मागड़ी रोड मंदिर अब शिखरबद्ध मंदिर हो गया है और इसकी ध्वजा का लाभ प्राचीन ध्वजा लाभार्थी प्रतापसिंह मेहता परिवार को ही दिया गया है। संतश्री ने विभिन्न चढ़ावों की विगत बताते हुए कहा कि पुण्य का पात्र भरने का सबसे अच्छा निमित्त है प्रभु भक्ति इसलिए इन चढ़ावों में सभी को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। स्टेज से पंचकल्याणक कर्ता विपिन पोरवाल व अरविंद कोठारी ने बहुत ही संगीतमय ढंग से विभिन्न चढ़ावें बुलवाए जिसमें उपस्थित जनों ने उत्साह से भाग लिया। मंदिर के शिखर पर लाभार्थी परिवार द्वारा प्रासाद पुरुष स्थापना व अभिषेक सम्पन्न किया गया। वरघोड़े व अन्य कार्यक्रम में मागड़ी रोड जैन संघ के अध्यक्ष प्रतापसिंह मेहता, उपाध्यक्ष धर्मचन्द सुराणा, सचिव इन्दरचन्द गादिया, सहसचिव जगदीश गोगड़ व भरत पालरेचा, कोषाध्यक्ष मुन्नालाल सिंघवी, ट्रस्टी नरेन्द्र मेहता, आनंद मेहता, राहुल बाफना, राजेशकुमार जैन, विजयराज समदड़िया, रूपचन्द कर्नावट, मुकेश गोगड़, किरण गादिया आदि सदस्य सहित सुमति जिन भक्ति मंडल, सुमति लब्धि जैन शासन सेवा मंडल, सुमति जिन बैंड मंडल, सुमति वारि स्मृति महिला मंडल, सुमति श्राविका बहु मंडल ने विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.